
शनिवार
20 जुलाई 2024



पृष्ठ 4
गर्भवती महिलाएं मानसून के दौरान...



पृष्ठ 5
मिर्जापुर 3 की सलोनी भाभी का...



● देहरादून
● वर्ष 32
● अंक 165
● पृष्ठ 8
● मूल्य ₹ 1.00

# दून वैली मेल

सांध्य दैनिक
आर.एन.आई.- 59626/94
डीएवीपी से मान्यता प्राप्त
email: doonvalley_news@yahoo.com Website: dunvalleymail.com

**आज का विचार**

एकता का किला सबसे सुदृढ़ होता है। उसके भीतर रह कर कोई भी प्राणी असुरक्षा अनुभव नहीं करता।

– अज्ञात

# कानून बना नहीं, विवाद शुरू

## राज्य का कानून दूसरे राज्यों में लागू होने पर बखेड़ा

विशेष संवाददाता

देहरादून। उत्तराखंड की राजनीति और नेता भी अजब-गजब है। किसी भी मुद्दे पर कुछ भी कह देना या छोटी सी छोटी बातों को अपनी बड़ी उपलब्धि बताकर उसे प्रचारित करना उनकी आदत में शुमार है। धामों व मंदिरों के नाम का दुरुपयोग रोकने को कानून बनाने का अभी प्रस्ताव भर कैबिनेट की बैठक में लाया गया है लेकिन इसे देश के अन्य तमाम राज्यों में लागू करने का प्रचार भाजपा नेताओं ने करना शुरू कर दिया है। अभी कानून बना भी नहीं है लेकिन इससे पहले ही इसे लेकर विवाद और बहस शुरू हो गई है।

बीते 10 जुलाई को सीएम धामी ने दिल्ली में केदारनाथ मंदिर का भूमि पूजन किया था जिसके लिए केदारनाथ धाम के नाम का जिक्र किए जाने से विवाद खड़ा हो गया था। मामले ने तूल पकड़ा तो सरकार ने अपने बचाव के लिए कैबिनेट में प्रस्ताव लाया गया। जिसमें धामों व मंदिरों के नाम तथा ट्रस्ट और संचालन समितियों के नाम का दुरुपयोग रोकने के लिए कानून बनाने की बात कही गई थी। अभी इसका मसौदा तैयार किया जाना है जिसके बाद इसे कैबिनेट से मंजूरी के बाद सदन के पटल पर रखा जाना है तथा सदन की मंजूरी के बाद इस पर राज्यपाल की मंजूरी की मोहर लगनी है, लेकिन यह कानून जब बनेगा तब बनेगा।

**●धाम व मंदिरों के नाम का दुरुपयोग अन्य राज्यों में कैसे रोकेगा कानून?**

भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष व राज्यसभा सांसद महेंद्र भट्ट का कहना है कि इसे देश के अन्य सभी राज्यों में भी लागू किया जाएगा।

संवैधानिक व्यवस्था के अनुसार कोई राज्य सरकार जो कानून बनाती है उसे वह अपने ही राज्य में लागू कर सकती है। लेकिन महेंद्र भट्ट इसे अन्य राज्यों में भी लागू करने की बात कह रहे हैं। इस मुद्दे पर संसदीय कार्य मंत्री प्रेमचंद अग्रवाल का कहना है कि राज्य सरकार अपने बनाए हुए कानून को अपने ही राज्य में लागू कर सकती है लेकिन साथ ही वह भट्ट के बचाव में यह भी कहते हैं कि इसका परीक्षण करेंगे कि क्या यह दूसरे राज्यों में भी लागू हो सकता है। अन्य कोई राज्य सरकार अगर इसे लागू करना चाहे तभी इसे दूसरे राज्य में लागू किया जा सकता है।

इसके साथ ही यह सवाल भी खड़ा हो गया है कि उत्तराखंड के धामों और मंदिरों व ट्रस्टों के नामों का दुरुपयोग अगर दूसरे राज्यों में होता है तो फिर यह कानून उसके दुरुपयोग को भला कैसे रोक पायेगा, ऐसी स्थिति में इस कानून को लागू करने का फायदा भी क्या होगा देखना होगा कि अब इस नए विवाद का क्या पटाक्षेप होगा?

# बस की चपेट में आकर स्कूटी सवार महिला दरोगा की मौत, एक घायल

संवाददाता

देहरादून। कांवड डयूटी पर जा रही स्कूटी सवार महिला दरोगा की बस की चपेट में आने से मौत हो गयी। जबकि महिला कांस्टेबल गम्भीर रूप से घायल हो गयी। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार नेहरू कालोनी थाना पुलिस को पुलिस कंट्रोल रूम से सूचना मिली कि अजबपुर फ्लाईओवर पर स्कूटी सवार पुलिसकर्मियों का एक्सीडेंट हो गया है। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। मौके पर घटना के सम्बन्ध में जानकारी करने पर जानकारी मिली कि बडकोट उत्तरकाशी थाने में तैनात महिला दरोगा कांता थापा व देहरादून कैण्ट थाने में नियुक्त महिला कांस्टेबल शकुंतला जिनकी कांवड मेला डयूटी हेतु हरिद्वार जा रहे थे, इस दौरान अजबपुर



फ्लाईओवर पर पीछे से आ रही प्राइवेट वोल्वो बस के चालक ने बस को तेजी व लापरवाही से चलाते हुए उनकी स्कूटी को टक्कर मार दी, जिससे स्कूटी सवार दोनों महिला पुलिस कर्मी सडक पर गिर गये तथा महिला दरोगा कांता थापा का सिर बस के पिछले टायर की चपेट में आ गया जिससे उनकी मौके पर ही मृत्यु हो गयी। दुर्घटना में महिला कांस्टेबल शकुंतला को भी चोटें आई है जिन्हें उपचार के लिए कनिष्क अस्पताल भिजवाया गया।

# सऊदी अरब में 7 पाकिस्तानियों को दी गई मौत की सजा!

रियाद। सऊदी अरब दुनिया के उन देशों में आता है जहां सबसे ज्यादा मौत की सजा दी जाती है। सऊदी अरब के आंतरिक मंत्रालय ने गुरुवार को कहा कि मुल्क में मादक पदार्थों की तस्करी के दोषी दो लोगों को मृत्युदंड दिया गया है। इस वर्ष दी गई कुल मृत्युदंडों की संख्या कम से कम 106 हो गई। इनमें सात पाकिस्तानी नागरिक हैं। इस वर्ष जिन लोगों को फांसी दी गई, उनमें 78 सऊदी, आठ यमन, पांच इथियोपियाई, सात पाकिस्तानी, तीन सीरियाई और श्रीलंका, नाइजीरिया, जॉर्डन, भारत और सूडान के एक-एक व्यक्ति शामिल हैं। उनमें से दो महिलाएं थीं। इस वर्ष दर्ज किए गए 106 में से सात मृत्युदंड मादक पदार्थों से संबंधित अपराधों के लिए दिए गए हैं। 2023 में, अधिकारियों ने आतंकवाद से संबंधित अपराधों के 33 आरोपियों सहित कम से कम 170 लोगों को मृत्युदंड दिया। पिछले साल इस समय तक, खाड़ी राज्य ने कम से कम 74 लोगों को मृत्युदंड दिया था। सोमवार को बर्लिन स्थित यूरोपीय-सऊदी मानवाधिकार संगठन ने सऊदी अरब की निंदा की और कहा कि वह लगभग हर दो दिन में एक व्यक्ति को फांसी देता है। इसने एक बयान में कहा, 196 दिनों में सौ लोगों को फांसी देना सऊदी सरकार की अंतरराष्ट्रीय कानूनों और अपनी आधिकारिक प्रतिबद्धताओं का उल्लंघन करते हुए व्यापक रूप से मौत की सजा का उपयोग करने की जिद को दर्शाता है।

# यूपी के पूर्व मंत्री स्वामी प्रसाद मौर्य और उनकी बेटी फरार घोषित

लखनऊ। एमपी एमएलए कोर्ट ने पूर्व कैबिनेट मंत्री स्वामी प्रसाद मौर्य और उनकी पूर्व सांसद बेटी संघमित्रा को फरार घोषित कर दिया है। यह आदेश एमपी-एमएलए कोर्ट के विशेष एसीजेएम आलोक वर्मा ने जारी किया। इसके पहले दोनों के खिलाफ इस साल अप्रैल में गैर जमानतीय वारंट जारी किया गया था। मामले में हाईकोर्ट भी बाप-बेटी को राहत देने से इनकार कर चुका है।



कोर्ट ने अपने आदेश में कहा कि आरोपी कोर्ट में हाजिर होने से बच रहे हैं। इसलिए उनके खिलाफ धारा-82 की कार्यवाही की जाती है। अधिवक्ता ने बताया बिना तलाक लिए धोखाधड़ी कर दूसरी शादी करने की आरोपी संघमित्रा मौर्य और वादी के साथ मारपीट, गाली गलौज और जानमाल की धमकी व साजिश रचने के आरोपी स्वामी प्रसाद मौर्य, नीरज तिवारी, सूर्य प्रकाश शुक्ला व रितिक सिंह के कोर्ट में हाजिर न होने पर कोर्ट ने सभी आरोपियों को फरार घोषित किया है।

बता दें कि आरोप है कि परिवादी दीपक कुमार और संघमित्रा वर्ष 2016 से लिव-इन रिलेशन में रह रहे थे। संघमित्रा और उनके पिता स्वामी प्रसाद मौर्य ने परिवादी को बताया कि संघमित्रा की पूर्व शादी से तलाक हो गया है। लिहाजा परिवादी ने तीन जनवरी 2019 को संघमित्रा से शादी कर लिया।

संघमित्रा ने 2019 के चुनाव में शपथपत्र देकर खुद को अविवाहित बताया, जबकि बाद में वादी को पता चला कि संघमित्रा का मई 2021 में तलाक हुआ था। आगे कहा गया कि जब वादी ने वर्ष 2021 में रीति-रिवाज के साथ विवाह करने के लिए कहा, तो स्वामी प्रसाद मौर्य ने वादी के ऊपर कई बार जानलेवा हमला कराया।

दून वैली मेल

## संपादकीय

# फिर वही हिंदू-मुस्लिम

कावड़ यात्रा मार्गों पर किसी तरह का व्यवसाय करने वालों को अब अपनी पहचान सार्वजनिक करने के लिए जो सरकारी फरमान जारी किया गया है उसे लेकर फिर हिंदू-मुस्लिम की राजनीति चर्चाओं के केंद्र में आ गई है। दरअसल इस मुद्दे के बिना राज सत्ता का कालम पूरा होता ही नहीं है। अभी लोकसभा चुनावों में भी इस मुद्दे का भरपूर हवा देने की कोशिश की गई थी। जाति और धर्म यही तो मुद्दे हैं जो वोटो के ध्रुवीकरण में सबसे अधिक प्रभावी साबित होते रहे हैं। फिर भला इन्हें इतनी आसानी से कैसे छोड़ा जा सकता है। लोकसभा चुनावो में देश की जनता ने इन मुद्दों को नकार दिया था न ही अयोध्या में राम मंदिर निर्माण का कोई असर चुनाव पर पड़ा। सामाजिक समानता और बेरोजगारी के मुद्दों के सामने मंडल और कमंडल की राजनीति जिस तरह से धराशाही होती दिखी उससे भाजपा के सारे समीकरण बिगड़ गए। वह न तो लोकसभा चुनाव के दौरान कोई नरेशन सेट कर सकी और न अब चुनावी नतीजों के बाद ऐसा कुछ कर पाने की स्थिति में दिखाई दे रही है। अभी कुछ राज्यों के उपचुनावो में भी जनता का वही रुख रहा है अभी आगे उत्तर प्रदेश की 10 विधानसभा सीटों पर चुनाव होने वाले हैं वहीं तीन राज्यों के विधानसभा चुनाव होने हैं बीजेपी इन चुनाव से पूर्व एक ऐसा एजेंडा तलाश रही है जो उसकी राजनीतिक अवनीति को रोक सके। मोदी है तो मुमकिन है, का मैजिक भी अब काम नहीं कर रहा है। भाजपा के नीतिकार अपने उन्हीं घिसे पिटे फार्मूले और ऐजेंडों को धार देने में लगे हुए हैं जिनके दम पर भाजपा दो सांसदों से अपना सफर शुरू कर देश की सबसे बड़ी राजनीतिक पार्टी बन सकी थी। लेकिन वह अब यह समझने को तैयार ही नहीं है कि देश की सामाजिक व आर्थिक स्थितियों के साथ राजनीतिक सरोकार भी बदल चुके हैं। अब 1980-2000 वाला वह दशक नहीं है कि जब आडवाणी की रथ यात्राव कल्याण सिंह के कार्यकाल जैसा कोई चमत्कार हो सके और भाजपा फर्श से अर्श तक का सफर पलक झपकते ही तय कर ले। न ही भाजपा के पास अब मोदी के बाद कोई अटल बिहारी वाजपेई जैसा विराट व्यक्तित्व वाला नेता दिखाई देता है जो बीते 10 सालों में बिगड़ चुके हालात को संभाल सके। भाजपा को हिंदुत्व और हिंदू-मुस्लिम की इस राजनीति से अब नुकसान के सिवाय कुछ भी हासिल होने वाला नहीं है। यूपी के इस फैसले पर विपक्ष क्या कह रहा है और आम आदमी की सोच क्या है। सत्ता में बैठी भाजपा और उसके सहयोगी दलों के नेताओं द्वारा जो कुछ कहा जा रहा है कम से कम उस पर भाजपा के शीर्ष नेतृत्व को गौर करने की जरूरत है। चंद्रबाबू नायडू और नीतीश कुमार की पार्टी के नेता भी इस फैसले से सहमत नहीं है। वही चिराग पासवान और जयंत चौधरी भी इसे देश और समाज के हितों के खिलाफ बता रहे हैं। अखिलेश यादव का तो यहां तक कहना है कि देश की सर्वोच्च अदालत को इस मुद्दे पर स्वत संज्ञान लेने की जरूरत है। अगर यह मुद्दा देश की सर्वोच्च न्यायालय तक जाता है और अदालत अगर इसे गलत ठहराती है तब सरकार क्या करेगी यह सवाल अब लोगों द्वारा भी पूछा जा रहा है। वहीं अगर सरकार के सहयोगी दल इसे लेकर दबाव बनाते हैं तो तब केंद्र की मोदी सरकार का क्या होगा देश के सामने महंगाई, बेरोजगारी और भ्रष्टाचार जैसे अनेक समस्याएं हैं। अच्छा हो कि सरकार विवाद खड़े करने वाले मुद्दों की बजाय उनके समाधान पर फोकस करें।

# जरूरी है जीवन में गुरु का होना

हिंदू धर्म में आषाढ़ पूर्णिमा गुरु भक्ति को समर्पित गुरु पूर्णिमा का पवित्र दिन भी है। भारतीय सनातन संस्कृति में गुरु को सर्वोपरि माना है। वास्तव में यह दिन गुरु के रूप में ज्ञान की पूजा का है। गुरु का जीवन में उतना ही महत्व है, जितना माता-पिता का। माता-पिता के कारण इस संसार में हमारा अस्तित्व होता है। किंतु जन्म के बाद एक सद्गुरु ही व्यक्ति को ज्ञान और अनुशासन का ऐसा महत्व सिखाता है, जिससे व्यक्ति अपने सतकर्मों और सद्विचारों से जीवन के साथ-साथ मृत्यु के बाद भी अमर हो जाता है। यह अमरत्व गुरु ही दे सकता है। सद्गुरु ने ही भगवान राम को मर्यादा पुरुषोत्तम बना दिया, इसलिए गुरु पूर्णिमा को अनुशासन पर्व के रूप में भी मनाया जाता है। इस प्रकार व्यक्ति के चरित्र और व्यक्तित्व का संपूर्ण विकास गुरु ही करता है। जिससे जीवन की कठिन राह को आसान हो जाती है। सार यह है कि गुरु शिष्य के बुरे गुणों को नष्ट कर उसके चरित्र, व्यवहार और जीवन को ऐसे सद्गुणों से भर देता है। जिससे शिष्य का जीवन संसार के लिए एक आदर्श बन जाता है। ऐसे गुरु को ही साक्षात ईश्वर कहा गया है इसलिए जीवन में गुरु का होना जरूरी है।

# विस अध्यक्ष ने किये नयना देवी व कैंची धाम नीम करोली बाबा मंदिर में दर्शन

संवाददाता

नैनीताल। विधानसभा अध्यक्ष ऋतु खण्डूडी भूषण ने कुमाऊ प्रवास के तीसरे दिन नयना देवी व कैंची धाम नीम करोली बाबा मंदिर में दर्शन किये।

आज यहां उत्तराखंड विधानसभा अध्यक्ष ऋतु खण्डूडी भूषण ने अपने कुमाऊ प्रवास के तीसरे दिवस के दौरान नैनीताल स्थित नयना देवी मंदिर और विश्व प्रसिद्ध कैंची धाम नीम करोली बाबा मंदिर में दर्शन कर पूजा अर्चना की। इस अवसर पर उन्होंने प्रदेश की खुशहाली और समृद्धि के लिए प्रार्थना की। विधानसभा अध्यक्ष ऋतु खण्डूडी भूषण ने नयना देवी मंदिर में मां नयना देवी के दर्शन कर विधिपूर्वक पूजा अर्चना की। इसके पश्चात वे प्रसिद्ध कैंची धाम पहुंची, जहां उन्होंने नीम करोली बाबा के मंदिर में दर्शन किए और विशेष पूजा अर्चना की। इस दौरान विधानसभा अध्यक्ष ने कहा, मंदिरों में आकर आत्मिक शांति और ऊर्जा मिलती है। यहां आकर प्रदेश के कल्याण के लिए प्रार्थना करने का अवसर मिला है। उन्होंने कहा कि कुमाऊं



का यह क्षेत्र धार्मिक और सांस्कृतिक दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण है और यहाँ की पवित्रता और दिव्यता अद्वितीय है। उन्होंने प्रदेशवासियों से अपील की कि वे अपनी सांस्कृतिक धरोहरों और धार्मिक स्थलों की देखभाल और संरक्षण में सक्रिय भूमिका निभाएं। इस दौरान मंदिर के पुजारियों और श्रद्धालुओं ने उनका स्वागत किया और उन्हें आशीर्वाद दिया। विधानसभा अध्यक्ष ने मंदिर की व्यवस्थाओं की भी जानकारी ली और वहां के संचालन और सुविधाओं की सराहना की। इस दौरान में ऋतु खण्डूडी भूषण के साथ कई स्थानीय अधिकारी और श्रद्धालु भी उपस्थित थे। उन्होंने स्थानीय जनता से संवाद स्थापित कर उनकी समस्याओं और सुझावों को भी सुना और उनकी जल्द समाधान का आश्वासन दिया। यह प्रवास विधानसभा अध्यक्ष द्वारा क्षेत्रीय जनता के साथ संवाद और जनसमस्याओं के समाधान के प्रति उनकी प्रतिबद्धता को भी दर्शाता है।

## शराब के साथ गिरफ्तार

संवाददाता

देहरादून। पुलिस ने शराब के साथ एक को गिरफ्तार कर उसके खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार ऋषिकेश कोतवाली पुलिस ने बीएसएनएल कार्यालय के सामने एक युवक को संदिग्ध अवस्था में घुमते हुए देखा तो उसको रूकने का इशारा किया। पुलिस को देख वह भाग खडा हुआ। पुलिस ने पीछा कर उसको थोडी दूरी पर ही दबोच लिया। तलाशी लेने पर पुलिस ने उसके कब्जे से 52 पव्वे शराब के बरामद कर लिये। पूछताछ में उसने अपना नाम अर्जुन कश्यप पुत्र प्रमोद कश्यप निवासी आजाद कालोनी पटेलनगर बताया। पुलिस ने उसके खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

# सभी टेंडरों के निर्माण कार्य शुरू करने की दी जाये अनुमति



कार्यालय संवाददाता

देहरादून। नगर निगम के अधिकांश वार्डों में पूर्व में सड़क, नाली एवं अन्य निर्माण कार्यों के टेंडर होने के बाद अभी तक सभी टेंडरों के निर्माण कार्य शुरू करने की अनुमति न दिये जाने के विरोध में कांग्रेसियों के एक प्रतिनिधि मंडल ने नगर आयुक्त से मुलाकात कर ज्ञापन सौंपते हुए किसी भी प्रकार का भेदभाव न किये जाने की मांग की है।

# माता पिता प्रथम गुरु, उनका सम्मान करेंः आचार्य

कार्यालय संवाददाता

देहरादून। गुरु पूर्णिमा महोत्सव 2024 के क्रम में आज ब्लूमिंग बर्ड्स स्कूल गढ़ी कैंट में आयोजित कार्यक्रम में आचार्य डा0 बिपिन जोशी ने माता पिता को प्रथम गुरु बताते हुए उनका सम्मान करने का विद्यार्थियों से आग्रह किया। साथ ही शिक्षा गुरुओं को जीवन निर्माण का शिल्पकार बताते हुए पूरी लगन और मेहनत से शिक्षा ग्रहण करने का सुझाव दिया। बच्चों को जीवन में नैतिक मूल्यों को अपनाने और पर्यावरण संरक्षण का संकल्प कराया गया। डा0 जोशी ने एक पेड़ गोद लेकर उसके संरक्षण और संवर्धन का आहवान किया।

विद्यालय के प्रधानाचार्य बसंत उपाध्याय ने आचार्य जोशी का स्वागत करते हुए समय-समय पर बच्चों का मार्गदर्शन करने के लिए उनका आभार



जताया।

कार्यक्रम में स्कूल के शिक्षक शिक्षिकाओं दीपमाला, संगीता, शिवांगी, पारुल, उमा, अनुभव, कनिका, ऋषिका के साथ साथ योग शिक्षक विनय प्रकाश, योग शिक्षक चंद्रशेखर, जितेंद्र मलिक आदि का विशेष सहयोग रहा।

आज श्री धोलेश्वर महादेव मंदिर ग्राम धोलास में बृहद वृक्षारोपण अभियान जारी रहा। साथ ही माता वैष्णो देवी गुफा योग मंदिर टपकेश्वर महादेव में विशेष पूजा अर्चना जारी है। कल सुबह 7 बजे से माता वैष्णो देवी गुफा योग मंदिर टपकेश्वर महादेव और सायंकाल में धोलेश्वर महादेव मंदिर ग्राम धोलास में और सोमवार को ओ एन जी सी महिला पॉलिटेक्निक राजेंद्रनगर देहरादून में गुरु पूर्णिमा महोत्सव मनाया जायेगा।

# नयी सरकार के पहले बजट से उम्मीदें

डॉ पीएस

सभी की निगाहें तीसरी मोदी सरकार द्वारा लाये जा रहे केंद्रीय बजट पर है। ऐसे कयास लगाये जा रहे हैं कि क्या आगामी बजट में एक बार फिर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व की एकतरफा छाप दिखेगी या गठबंधन की राजनीति का दबाव भी होगा। कयासों का रुख ज्यादातर इस तरफ है कि सरकार निश्चित तौर पर बजट के माध्यम से भारत के आर्थिक विकास को उसी पथ पर और तेजी से बढ़ाने की कोशिश करेगी, जो उसने पिछले दस वर्षों में स्थापित किया है। बजट के माध्यम से सरकारें वित्तीय वर्ष के दौरान देश के आर्थिक विकास को विभिन्न आंकड़ों के माध्यम से प्रस्तावित करने की कोशिश करती हैं।

इसका प्रभाव बहुत गहरा होता है क्योंकि बजट एक रोडमैप है, जिसके अनुसार सरकार अर्थव्यवस्था को संचालित करती है। दो-तीन दशकों से भारतीय अर्थव्यवस्था में बड़े बुनियादी बदलाव हुए हैं और आज वैश्विक स्तर पर भारत की मजबूत छवि है। वैश्वीकरण के इस युग में भारत के लिए अटूट आर्थिक संभावनाएं इसलिए भी लगातार बनी हुई है क्योंकि भारत विश्व की सबसे बड़ी आबादी वाला मुल्क है। हालांकि घरेलू मोर्चे पर इस कारण बेरोजगारी की एक अनवरत समस्या भी है, फिर भी लगातार बढ़ती आर्थिक विकास दर विश्व को आकर्षित करने में सक्षम बनी हुई है।

इस बात का श्रेय मोदी सरकार को जाता है कि उसके नेतृत्व में भारतीय अर्थव्यवस्था जीडीपी के पैमाने पर तेज प्रगति करते हुए वैश्विक दौड़ में पांचवें पायदान पर पहुंची है। विश्व के सभी बड़े आर्थिक संस्थान व रेटिंग एजेंसियां आने वाले कुछ वर्षों में भारतीय अर्थव्यवस्था को सात ट्रिलियन डॉलर के मुकाम पर पहुंचते हुए देख रही हैं। तब जापान और जर्मनी भारत से पीछे रह जायेंगे। अगर मोदी सरकार के पिछले दो कार्यकाल की आर्थिक नीतियों का विश्लेषण करें, तो हम पाते हैं कि सरकार का रुख पूंजीगत खर्चों पर बहुत अधिक एकाग्र और सकारात्मक है। आंकड़ों के हिसाब से मनमोहन सिंह सरकार अपने आखिरी दौर में पूंजीगत खर्चों पर बजट का करीब 12 प्रतिशत खर्च कर रही थी, जिसे मोदी सरकार बड़ी तेजी से बढ़ाते हुए 22 प्रतिशत से अधिक कर चुकी है। वित्त वर्ष 2023-24 में आधारभूत सुविधाओं पर हुआ वास्तविक खर्च 18.6 प्रतिशत है और बाकी बचा 3.6 प्रतिशत हिस्सा विभिन्न राज्यों, सार्वजनिक उपक्रमों को वित्तीय ऋण के तौर पर आवंटित किया गया है। इस खर्च के चलते ही अर्थव्यवस्था में तेजी आयी और निजी निवेश का प्रतिशत भी लगातार बढ़ा। इससे जीडीपी की लगातार वृद्धि होती रही है।



यह भी एक हकीकत है कि भारत में युवाओं में बड़े पैमाने पर बेरोजगारी है। रोजगार में बढ़ोतरी हो रही है, पर अवसरों की संख्या उतनी नहीं हो पा रही है कि इस समस्या का ठीक से समाधान हो सके। मोदी सरकार को इस बार आम चुनाव में पूर्ण बहुमत नहीं मिलने का यह एक प्रमुख कारण माना जा रहा है। बजट में इस संदर्भ में प्रावधान होने चाहिए। यह स्थिति भी चिंताजनक है कि निजी क्षेत्र निवेश के बदले सरकार से बहुत अधिक अपेक्षाएं रखता है। उसे निवेश के बदले करों में छूट और वित्तीय सुविधा चाहिए। अब भारतीय अर्थव्यवस्था नब्बे के दशक के उस दौर में नहीं है, जब निजी क्षेत्र की मनमानी बहुत अपेक्षित थी। फिर भी पिछले कई बजट में यह देखा जा सकता है कि सरकारें निजी क्षेत्र को आकर्षित करने के लिए निरंतर प्रयासरत रहती हैं। इसके चलते सरकार का पूर्ण ध्यान ग्रामीण अर्थव्यवस्था, छोटे उपभोक्ता, आम आदमी की बचत, बैंकिंग निवेश पर अधिक ब्याज दर और दिन-प्रतिदिन के उपभोग में आने वाली वस्तुओं के मूल्य में बढ़ोतरी जैसे मसलों पर समुचित रूप में नहीं जा पाता।

यह भी बड़ी अजीब बात है कि आंकड़ों के माध्यम से इस बात को समझाने की कोशिश होती है कि आयकर की दरों में कमी या आयकर की सीमा में बदलाव देश के मात्र एक या दो प्रतिशत लोगों को ही प्रत्यक्ष तौर पर प्रभावित करता है। कई विश्लेषक कहते हैं कि आयकर दरों में बदलाव से समाज के निचले तबके को फायदा नहीं होता है तथा सरकार के राजस्व में भी कमी आ जाती है। आम उपभोग में आने वाली वस्तुओं पर अमूमन 12 और 18 प्रतिशत जीएसटी है, जो आम जन की जेब पर आर्थिक बोझ डालती है। मसलन, एक रेस्टोरेंट में खाना खाने पर राज्य और केंद्र सरकार की जीएसटी दोनों का भुगतान करना पड़ता है, जिससे खर्च 20 प्रतिशत तक बढ़ जाता है।

यह भी देखना है कि आगामी बजट पर प्रधानमंत्री मोदी के उस कथन की छाप होगी या नहीं, जिसमें उन्होंने चीजों को मुफ्त बांटने की नीतियों की तुलना रेवड़ियों से की थी। वर्तमान सरकार गठबंधन की सरकार है। आने वाले महीनों में कुछ महत्वपूर्ण राज्यों में विधानसभा चुनाव होने हैं। अनेक क्षेत्रीय दलों का मानना है कि जरूरतमंद लोगों को मुफ्त में चीजें मुहैया कराना उनके सामाजिक विकास के लिए जरूरी है। ऐसे दलों ने अपनी सरकारों की नीतियों में इस समझ को शामिल किया है। कुछ राज्यों द्वारा उन्हें विशेष राज्य के दर्जे या विशेष आर्थिक पैकेज की मांग की जा रही है। सरकार बजट में ऐसी मांगों को कैसे नियोजित करती है, यह भी आकर्षण का एक मुख्य बिंदु होगा। (ये लेखक के निजी विचार हैं।)

# मौसंबी को इन तरीकों से करें अपने स्किन केयर रूटीन में शामिल, मिलेंगे कई फायदे

जिस तरह से मौसंबी कई तरह के स्वास्थ्य लाभ देने में सक्षम है, ठीक उसी तरह यह त्वचा के लिए भी काफी फायदेमंद है। मौसंबी में कई ऐसे विटामिन्स और मिनरल्स मौजूद होते हैं, जो त्वचा को प्राकृतिक रूप से निखारने और पोषित करने का काम कर सकते हैं। आइए आज आपको बताते हैं कि मौसंबी को किन-किन तरीकों से अपने स्किन केयर रूटीन में शामिल करके आप इसका भरपूर फायदा पा सकते हैं।





क्लींजर के रूप में करें इस्तेमाल

मौसंबी युक्त क्लींजर त्वचा को गहराई से साफ करके विषाक्त पदार्थों और अन्य अशुद्धियों को दूर करने में काफी मदद कर सकता है, इसलिए त्वचा पर इसका इस्तेमाल जरूर करें। मौसंबी का क्लींजर बनाने के लिए सबसे पहले एक कटोरी में आवश्यकतानुसार मौसंबी का रस और थोड़ा गुलाब जल अच्छे से मिलाएं। अब इस मिश्रण को अपने चेहरे पर लगाकर 10 मिनट के लिए ऐसे ही छोड़ दें। इसके बाद चेहरे को ठंडे पानी से धो लें।

स्क्रब बनाकर करें इस्तेमाल

स्क्रब त्वचा की गहराई से सफाई करने के लिए बहुत कारगर साबित होता है और इसे बनाने के लिए भी आप मौसंबी का इस्तेमाल कर सकते हैं। सबसे पहले दो बड़ी चम्मच मौसंबी के रस के साथ एक बड़ी चम्मच ब्राउन शुगर या पिसी हुई कॉफी मिलाएं। अब इस मिश्रण को अपने चेहरे, हाथों और पैरों पर सर्कुलर मोशन में धीरे-धीरे से कुछ मिनट रगड़ें और अंत में इन सभी को साफ पानी से धो लें।

मॉइश्चराइजिंग मास्क बनाएं

इसके लिए आधा कप मौसंबी के रस में दो बड़ी चम्मच एलोवेरा जेल और एक बड़ी चम्मच शहद मिलाएं। अब इस मिश्रण को एक सॉफ्ट ब्रश की मदद से अपने चेहरे और गर्दन पर लगाएं, फिर 30 मिनट के लिए ऐसे ही छोड़ दें। इसके बाद गुनगुने पानी से अपने चेहरे और गर्दन को धो लें। यह मॉइश्चराइजर मास्क आपकी त्वचा को पोषण देने और त्वचा को हाइड्रेट रखने में मदद करेगा।

अगर आप समय से पहले उभरने वाले बढ़ती उम्र के लक्षणों से राहत पाना चाहते हैं तो इसके लिए भी मौसंबी का इस्तेमाल किया जा सकता है। राहत के लिए एक बड़ी चम्मच मौसंबी के रस को एक चम्मच शहद के साथ मिलाएं। अब इस मिश्रण को अपने चेहरे पर लगाकर आराम-आराम से मालिश करें। करीब 10 मिनट के बाद चेहरे को साफ पानी से धो लें। हफ्ते में तीन बार इस प्रक्रिया को दोहराना लाभदायक होगा।

# आनंद एल राय ने किया नई फिल्म नखरेवाली का ऐलान

बॉलीवुड के जाने-माने डायरेक्टर और प्रोड्यूसर आनंद एल राय को हिंदी सिनेमा में रोमांटिक कॉमेडी फिल्मों के लिए जाने जाते हैं। आनंद ने राझणा, तनु वेड्स मनु, रक्षाबंधन, अतरंगी रे और जीरो जैसी फिल्मों का निर्मा-निर्देशन किया है।

अब एक बार फिर आनंद एल राय एक नई लव स्टोरी लेकर आ रहे हैं। इस मूवी का नाम है नखरेवाली, जिसका एलान बीते साल हुआ था और अब फिल्म को रिलीज करने की तैयारी शुरू हो गई है।

फिल्म की निर्माता कम्पनी जियो स्टूडियोज और अ कलर येलो प्रोडक्शन ने सोमवार सुबह सोशल मीडिया पर नखरेवाली का नया पोस्टर शेयर करते हुए फिल्म की रिलीज डेट का खुलासा किया। ये फिल्म अगले साल फरवरी में रिलीज होगी। तारीख चुनी गई है 14 यानी वैलेंटाइन डे। फिल्म नखरेवाली के पोस्टर पर न्यूकमर अंश दुग्गल और प्रगति श्रीवास्तव किस करते नजर आ रहे हैं। अंश का अतरंगी अंदाज देखने को मिल रहा है। उन्होंने पिंक कलर का लहंगा पहना हुआ है और शर्टलेस नजर आ रहे हैं। वहीं, प्रगति ब्लू कलर के सूट में दिखाई दे रही हैं। पोस्टर में कुछ लोग भी नजर आ रहे हैं।

बता दें, ये दोनों नए चेहरे है, जो पहली बार आनंद एल राय की मूवी में नजर आने वाले हैं। दोनों ही स्टार्स अपनी एक्टिंग को लेकर काफी एक्साइटेड दिखाई दे रहे हैं। इस फिल्म की कहानी भी आनंद की पिछली फिल्मों की तरह हिंदी पट्टी में स्थापित की गई है। बता दें कि मराठी फ्रेंचाइजी झिम्मा 2 की घोषणा के बाद फिल्म नखरेवाली आनंद एल राय के कलर येलो प्रोडक्शंस और जियो स्टूडियोज के बीच दूसरा कॉलोबोरेशन होगा। यह फिल्म मनोरंजन और हंसी से भरपूर होने वाली है। फिल्म का निर्देशन राहुल शांकल्य ने किया है।

# क्या होता है केमिकल पील, जानें इस ट्रीटमेंट के फायदे

लाख कोशिश करने के बाद भी लड़कियां चेहरे पर इंस्टेंट ग्लो नहीं ला पाती है। ऐसे में अगर आपको किसी फंक्शन में खूबसूरत दिखना है, तो आप केमिकल पील करवा सकती हैं। केमिकल पील आपके चेहरे की रंगत को निखारने में और दाग धब्बों को कम करने में मदद करता है।



केमिकल पील एक तरह का रासायनिक घोल है, जिसे चेहरे पर लगाया जाता है। इस टॉक्सिक केमिकल सॉल्यूशन को चेहरे पर लगाने से स्किन ग्लोइंग दिखने लगती है। यह रासायनिक घोल दो तरह से काम करता है। एक आपकी स्किन से डेड लेयर को निकलता है, तो दूसरा स्किन को साफ करने में मदद करता है।

केमिकल पील के फायदे

केमिकल पील से डेड या पुरानी हो चुकी स्किन सेल्स को नई बनाने में मदद करता है, जिससे आपकी स्किन और ज्यादा ग्लो करने लगती है। अगर आप केमिकल पील करवाती है, तो इससे आपके चेहरे पर कई तरह के फायदे हो सकते हैं। सबसे ज्यादा यह चेहरे को साफ करने में मदद करता है साथ ही आंखों के नीचे और मुंह के आसपास होने वाले फाइन लाइंस को काम करता है और अनचाहे पिंपल्स और दाग धब्बों को ठीक करने में यह काफी मददगार माना गया है।

केमिकल पील के प्रकार

यही नहीं अगर बढ़ती उम्र के कारण आपके चेहरे पर झुर्रियां आने लगी है, तो केमिकल पील की मदद से झुर्रियों को कम किया जा सकता है। बता दें कि केमिकल पील तीन तरह के होते हैं, सुपर फेशियल, मीडियम और डीप। सुपर फेशियल और मीडियम वाले पिल्स हाइपर पिगमेंट स्किन को रिमूव करती है। यही नहीं केमिकल पील को एक्ने ट्रीटमेंट के लिए भी कराया जाता है। केमिकल पील आपकी त्वचा को टाइट और मजबूत बनाने में भी मदद करती है। लेकिन केमिकल पील के कुछ साइड इफेक्ट भी हो सकते हैं।

केमिकल पील के साइड इफेक्ट

बात करें इसके साइड इफेक्ट की तो कुछ पिल्स से त्वचा पर इंफेक्शन और रिएक्शन होने का खतरा बढ़ सकता है। इसलिए इसका इस्तेमाल इंस्ट्रक्शन्स को फॉलो करने के बाद ही करें और किसी ब्यूटी एक्सपर्ट की राय जरूर लें।

कुछ लोगों को इससे त्वचा पर सूजन, जलन और लालिमा जैसी परेशानियां हो सकती है। अगर ऐसा होता है, तो डॉक्टर की सलाह जरूर लें। ध्यान रहे आप अपनी त्वचा के प्रकार के हिसाब से उपयुक्त ट्रीटमेंट की सलाह लें। अगर आप प्रेगनेंसी के दौरान केमिकल पील करवाती है, तो एक बार अपने डॉक्टर की सलाह जरूर ले।



# पृथ्वीराज सुकुमारन की फिल्म द गोट लाइफ ओटीटी रिलीज पर हुई रिलीज

साउथ सुपरस्टार पृथ्वीराज सुकुमारन की फिल्म आडुजीविथम- द गोट लाइफ मार्च में रिलीज हुई और तुरंत ही बॉक्स ऑफिस पर हिट हो गई। फिल्म को आलोचकों और फिल्म प्रेमियों से सकारात्मक समीक्षा मिली, जो अब तक की तीसरी सबसे ज्यादा कमाई करने वाली मलयालम फिल्म बन गई। अब तक, यह 2०24 की दूसरी सबसे ज्यादा कमाई करने वाली मलयालम फिल्म है। फिल्म ने सिनेमाघरों में शानदार प्रदर्शन किया और इसे हटाए जाने के तुरंत बाद फिल्म प्रेमी इसके ओटीटी पर आने का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। मलयाली अप्रवासी मजदूर नजीब की वास्तविक जीवन की कहानी पर आधारित यह सर्वाइवल ड्रामा 19 जुलाई को नेटफ्लिक्स पर प्रीमियर रिलीज हुई। यह फिल्म पांच क्षेत्रीय भाषाओं मलयालम, तमिल, तेलुगु, कन्नड़ और हिंदी में उपलब्ध होगी। नेटफ्लिक्स के आधिकारिक इंस्टाग्राम पेज ने फिल्म का पोस्टर जारी किया। कैप्शन में लिखा गया, साहस, उम्मीद और अस्तित्व की कहानी। इधु नजीबिंते अथिजीवन कथा। आडुजीविथम 19 जुलाई को मलयालम, तमिल, तेलुगु, कन्नड़ और हिंदी में नेटफ्लिक्स पर आ रही है। कहानी की बात करें तो यह फिल्म मलयाली अप्रवासी मजदूर नजीब पर आधारित है, जो उन हजारों भारतीयों में से एक है, जिन्हें सऊदी अरब में रेगिस्तान में एकांत खेतों में बकरी चराने के लिए मजबूर किया गया था। पृथ्वीराज के अलावा फिल्म में जिमी जीन-लुई और केआर गोकुल भी मुख्य भूमिकाओं में हैं। फिल्म को शुरू में यूएई के अलावा जीसीसी देशों में प्रतिबंधित कर दिया गया था, बाद में कुवैत और सऊदी अरब को छोडक़र सभी देशों में प्रतिबंध हटा दिया गया था। फिल्म ने अब तक 16० करोड़ रुपये से अधिक की कमाई की है। द गोट लाइफ मलयालम साहित्यिक दुनिया के अब तक के सबसे लोकप्रिय बेस्टसेलर उपन्यास आडुजीविथम पर आधारित है, जिसका विदेशी सहित 12 विभिन्न भाषाओं में अनुवाद किया गया है। मशहूर लेखक बेन्यामिन द्वारा लिखित यह एक युवक नजीब के जीवन की सच्ची कहानी है, जो 9० के दशक की शुरुआत में विदेश में भाग्य की तलाश में केरल के हरे-भरे तटों से पलायन करता है।

# निर्माताओं ने जारी किया धनुष की 5०वीं फिल्म का नया पोस्टर

साउथ सुपरस्टार धनुष इन दिनों अपनी दो फिल्मों को लेकर चर्चा में बने हुए हैं, जिनमें से एक है रायन और दूसरी है कुबेर। अपनी दोनों फिल्मों से ही धनुष दर्शकों का मनोरंजन करने के लिए पूरी तरह से तैयार हैं। रायन का लंबे समय से इंतजार किया जा रहा है। फिल्म के ट्रेलर को लेकर सोशल मीडिया पर चर्चा काफी समय से है। वहीं अब निर्माताओं ने फिल्म के ट्रेलर पर दिलचस्प जानकारी साझा की है, जिससे प्रशंसकों का उत्साह बढ़ गया है।

फिल्म में अभिनय करने के अलावा अभिनेता धनुष एक फिल्म निर्माता भी बन गए हैं। सन पिक्चर्स बैनर द्वारा निर्मित रायन 26 जुलाई को बड़े पर्दे पर आने वाली है। फिल्म का लेखन और निर्देशन धनुष ने किया है, जो फिल्म में मुख्य भूमिका में हैं। रायन धनुष की दूसरी निर्देशित फिल्म है, जो पा पांडी के बाद बनी है। उनके अलावा, फिल्म में कालिदास जयराम, संदीप किशन, दुशारा विजयन, अपर्णा बालमुरली, वरलक्ष्मी सरथकुमार, एसजे सूर्या, सेल्वाराघवन और प्रकाश राज भी अहम भूमिका में हैं। एआर रहमान फिल्म का संगीत तैयार कर रहे हैं। कालिदास और संदीप, रयान के भाई की भूमिका निभाएंगे, जबकि दुशारा उनकी बहन की भूमिका निभाएंगी। तकनीकी दल में सिनेमैटोग्राफर ओम प्रकाश और संपादक प्रसन्ना जीके शामिल हैं।


हाल ही में चेन्नई में रायन का ऑडियो लॉन्च इवेंट हुआ। रयान धनुष की बतौर मुख्य अभिनेता 5०वीं फिल्म है। एक गैंगस्टर के इर्द-गिर्द घूमती एक एक्शन ड्रामा फिल्म रायन ने सेंसर की औपचारिकताएं पूरी कर ली हैं और उसे ए सर्टिफिकेट मिल गया है। यह धनुष की वडा चेन्नई के बाद दूसरी ऐसी फिल्म है, जिसे यह रेटिंग मिली है।


## वैधानिक सूचना

सुविज्ञ पाठकों से आग्रह है कि इस समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन में दिए गए तथ्यों, शर्तों और दावों के प्रति वह खुद भी आश्वस्त हो लें। पाठकों से आग्रह है कि वह प्रकाशित विज्ञापन से प्रभावित होकर कोई कदम उठाने से पहले अपने स्तर पर भी स्वयं के संतुष्ट होने तक संपूर्ण व्यावहारिक जानकारी कर लें। भविष्य में किसी भी प्रकाशित विज्ञापन व लेख में निहित दावों या शर्तों को लेकर पाठकगण को कोई असुविधा या परेशानी होती है तो *सांध्य दैनिक दून वैली मेल* के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की कोई जवाबदेही नहीं होगी।

—प्रबंधक विज्ञापन


# गर्भवती महिलाएं मानसून के दौरान स्वस्थ रहने के लिए अपनाएं ये 5 टिप्स



गर्भावस्था किसी भी महिला के लिए खुशी से भरा समय होता है। हालांकि, गर्भवती महिलाओं के लिए मानसून का मौसम कई तरह की चुनौतियां पेश करता है।इस मौसम में डेंगू, मलेरिया, सर्दी-जुखाम जैसी कई बीमारियां हो सकती हैं। गर्भावस्था के दौरान बारिश के दिनों में उचित देखभाल करना और अधिक सावधानी बरतना जरूरी होता है।आप मानसून में अपने और बच्चे दोनों के स्वास्थ्य को बनाए रखने के लिए ये असरदार टिप्स अपनाएं।

पीएं ढ़ेर सारा पानी

मानसून के दौरान आद्रता का स्तर बढ़ जाता है, जिसके कारण गर्भवती महिलाओं के लिए हाइड्रेटेड रहना जरूरी हो जाता है।बरसात में संदूषण से बचने के लिए शुद्ध या उबला हुआ पानी ही पीएं। पर्याप्त हाइड्रेशन सिरदर्द, थकान, मतली, चक्कर आना और त्वचा के सूखेपन को रोकने में मदद करता है।दिनभर में कम से कम 8 गिलास पानी पीएं और हमेशा अपने पास पानी की बोतल रखें। आप हर्बल चाय और नारियल पानी भी पी सकती हैं।

ताजा और पौष्टिक खाना खाएं

उच्च चीनी सामग्री वाले रसभरे फल मक्खियों और कीटों के लिए चुंबक की तरह होते हैं, जो संक्रामक रोग फैला सकते हैं। ऐसे में बेहतर होगा कि आप कटे हुए फलों को लंबे समय तक खुला न छोड़ें।आपको हमेशा ताजे फल या सब्जियों का सेवन ही करना चाहिए। गंदगी और रोगाणुओं को हटाने के लिए कच्ची सब्जियों, विशेषकर पत्तेदार सब्जियों को कई बार धोएं।इसके अलावा आपको खान-पान में केवल पौष्टिक भोजन शामिल करना चाहिए।

रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाएं

मानसून के दौरान गर्भवती महिलाओं को संतुलित और पौष्टिक डाइट लेनी चाहिए।विटामिन और खनिजों से भरपूर संतुलित आहार मां और बच्चे दोनों के स्वास्थ्य के लिए जरूरी है।आपको अपने दैनिक भोजन में पत्तेदार सब्जियां, नट्स और दही जैसे प्रतिरक्षा-बढ़ाने वाले खाद्य पदार्थ शामिल करने चाहिए। इसके अलावा आपको डॉक्टर की मदद से एक स्वस्थ डाइट चार्ट बनवाना चाहिए।गर्भावस्था में आपको इन चीजों को हमेशा अपने पास रखना चाहिए।



स्वच्छता बनाए रखने पर दें ध्यान

गर्भवती महिलाओं के टिप्स में एक बेहद जरूरी टिप है अपने शरीर और अपने आस-पास की स्वच्छता बनाए रखना।कीटाणुओं को दूर रखने के लिए घर को साफ रखें और हांथों को साफ करने के लिए हैंड-सेनिटाइजर इस्तेमाल करें।आपको रोजाना स्नान करना चाहिए, जिससे आप फंगल संक्रमण से अपनी सुरक्षा कर सकें।इसके अलावा आपको अपने कपड़ों को भी अच्छी तरह धोना चाहिए, जिससे उन पर मौसमी बैक्टीरिया न जमा हो सकें।

मानसून में बारिश के कारण जगह-जगह पर पानी जमा हो जाता है, जो मच्छरों के लिए प्रजनन स्थल बन जाता है। ऐसे में गर्भवती महिलाओं के लिए डेंगू और मलेरिया जैसी बीमारियों का खतरा बढ़ जाता है।इस मौसम में आपको मच्छरों से अपनी सुरक्षा करनी चाहिए और घर के खिडक़ी-दरवाजे बंद रखने चाहिए। घर के अंदर मच्छर दानी और मच्छर भागने वाली कोइल का इस्तेमाल करें।अपने शरीर पर मच्छरों को दूर भागने वाली क्रीम लगाएं। (आरएनएस)

## शब्द सामर्थ्य -147

(भागवत साहू)

**बाएं से दाएं**

1. बात, घटना, माजरा, मुकदमा (उर्दू) 3. अलावा, अतिरिक्त 6. प्रेम, इच्छा 7. मां का बच्चे के प्रति प्रेम 8. गलती, जुर्म, गुनाह, दोष 10. मग्न, लीन, खुश, प्रसन्न 12. धनुष, समादेश, फौजी टुकड़ी 13. एक कल्पित पत्थर जो लोहे को छूकर सोना बना देता है 16. हिम्मत, साहस, सामर्थ्य 17. बनावटी, अनुकृति, असली का विलोम 18. अबोध, नासमझ 20. ब्रह्मपुत्र एक प्रसिद्ध हरिभक्त देवर्षि 22. गहरा नीला, काला 23. व्याकुल, बेसब्र 24. मन, चित्त, आदरसूचक तथा सहमति सूचक एक शब्द।

**ऊपर से नीचे**

1. स्वामी, नाथ 2. बेबस, मजबूर, विवश 3. अन्याय, अत्याचार, जुल्म 4. मध्य एशिया का एक देश 5. पुस्तक 9. बहादुर, वीर 11. सैनिक विद्रोह 12. नीच, अधम 12 ए. प्रणाम, झुकना 13. भरण-पोषण करना, परवरिश करना, छोटा झूला, हिंडोला 14. प्रमाण, प्रमाणिक कथन 15. स्वाभाविक ढंक, योग्यता, लियाकत, सभ्यता और शिष्टता, शऊर (उ.) 19. बिजली, तड़ित 21. रात में दिखाई न पड़ने का नेत्र संबंधी रोग।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | 2 | ■ | 3 | | 4 | ■ | 5 |
| | ■ | 6 | | | ■ | 7 | | |
| 8 | 9 | | ■ | 10 | 11 | | ■ | |
| ■ | | ■ | ■ | ■ | | ■ | ■ | ■ |
| 12 | | 12ए | ■ | 13 | | 14 | ■ | 15 |
| | ■ | 16 | | | ■ | 17 | | |
| 18 | 19 | | ■ | 20 | 21 | | ■ | |
| ■ | | ■ | ■ | ■ | | ■ | ■ | ■ |
| 22 | | | ■ | 23 | | | ■ | 24 |

### शब्द सामर्थ्य क्रमांक146का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| प | सं | द | ■ | सिं | हा | स | न | ■ |
| ख | ■ | म | ज | दू | र | ■ | का | म |
| वा | द | क | ■ | र | ■ | सं | ब | ल |
| ड़ | ■ | ल | ज्जा | ■ | म | स्का | ■ | य |
| ■ | बा | ■ | ■ | बि | हा | र | ■ | ■ |
| सु | धा | क | र | ■ | न | ■ | ■ | औ |
| रं | ■ | म | ■ | कि | ता | ब | ■ | स |
| ग | ■ | अ | र | सा | ■ | हु | ज्ज | त |
| ■ | श | क्ल | ■ | न | मि | त | ■ | न |



# कल्कि 2898 एडी ने बॉक्स ऑफिस पर मचाया धमाल

प्रभास-दीपिका पादुकोण स्टारर 'कल्कि 2898 एडी' ने बॉक्स ऑफिस पर तहलका मचाया हुआ है। फिल्म ने रिलीज के दो हफ्ते में तो छप्परफाड़ कमाई की ही की वहीं तीसरे हफ्ते में भी ये फिल्म जमकर कलेक्शन कर रही है पिछले सभी रिकॉर्ड तोड़ रही है। नाग अश्विन निर्देशित इस फिल्म ने रणबीर कपूर स्टारर फिल्म एनिमल के भारतीय बॉक्स ऑफिस कलेक्शन को भी पछाड़ दिया है। सिनेमाघरों में रिलीज अक्षय कुमार की 'सरफिरा' और कमल हासन की 'इंडियन 2' के बावजूद 'कल्कि 2898 एडी' का दर्शकों के सिर से क्रेज नहीं उतर रहा है। ये फिल्म तीसरे हफ्ते में भी नई रिलीज फिल्मों से कहीं ज्यादा कारोबार कर रही है और अपने कलेक्शन में भी कई करोड़ का इजाफा कर रही है। इस एपिक साइंस फिक्शन ने अब तक कई फिल्मों के रिकॉर्ड ब्रेक कर दिए हैं। फिल्म की कमाई में तीसरे वीकेंड भी काफी तेजी देखने को मिली और ऐसा लग रहा है कि 'कल्कि 2898 एडी' की कमाई की रफ्तार अभी थमने नहीं वाली है। 'कल्कि 2898 एडी' बॉक्स ऑफिस पर सूनामी बन चुकी है। फिल्म ने तीसरे वीकेंड पर भी धुआंधार कारोबार कर तहलका मचा दिया है। इंडियन बॉक्स ऑफिस पर ये फिल्म शाहरुख खान की 'पठान' और रणबीर कपूर की 'जवान' के लाइफ टाइम कलेक्शन को पहले ही मात दे चुकी है। 'कल्कि 2898 एडी' में प्रभास, दीपिका पादुकोण, अमिताभ बच्चन, कमल हासन और दिशा पटानी के अलावा कई कलाकारों ने अहम रोल प्ले किया है। ये फिल्म ६०० करोड़ के बजट में बनी थी और ये 27 जून को सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी।

# भूत के साथ शादी, प्यार-सस्पेंस से भरी है सीरीज बरजख

जिंदगी गुलजार है फेम एक्टर्स सनम सईद और फवाद खान एक बार फिर से स्क्रीन पर धमाका मचाने के लिए तैयार है। दोनों को एक नए शो में फैंस काफी पसंद कर रहे हैं। फवाद खान और सनम सईद को एक साथ स्क्रीन पर देखना फैंस के लिए किसी ट्रीट से कम नहीं है। सीरीज बरजख एक 76 साल के बुजुर्ग की कहानी है, जो शादी करना चाहता है। वो अपने बच्चे और पोते-पोतियों को एक दूर जगह किसी रिसॉर्ट में बुलाता है। वो बुजुर्ग एक भूत से शादी करना चाहता है। शो की कहानी काफी ट्विस्ट और टर्न्स से भरी हुई है। जब एक बच्चा फवाद से पूछता है कि उसके दादा को कोई भूत से शादी करने से रोक क्यों नहीं रहा? तो फवाद कहते हैं- डर। फवाद को लगता है कि उसके पापा भूत से शादी करने का गलत डिसिजन ले रहे हैं। वहीं सनम को ये प्यार की शक्ति लगता है और वो फवाद को अपने पिता के लिए खुश होने के लिए मनाती है। इस कहानी में इमोशन्स के साथ सस्पेंस भी भरपूर नजर आ रहा है। देखना काफी मजेदार होगा कि इस सुपरनैचुरल शो में सस्पेंस और प्यार कैसे एक साथ फैंस को एंटरटेन करते हैं। इस शो को असीम अब्बासी ने डायरेक्ट किया है। शो 19 जुलाई से शुरू हो चुका है. मेकर्स के मुताबिक, ये शो मेंटल हेल्थ, पोस्टपार्टम डिप्रेशन, जनरेशनल ट्रॉमा जैसी थीम पर बेस्ड होगा। इस शो में सनम और फवाद के अलावा सलमान शाहिद, इमान सुलेमन और फ्रेंको गिउस्टी जैसे स्टार्स भी हैं।

# एक्शन-थ्रिलर किल बॉक्स ऑफिस पर मचा रही धूम

करण जौहर की फिल्म किल को इसकी रिलीज के बाद से ही दर्शकों का खूब प्यार मिला। फिल्म एक मजबूत स्टार कास्ट के साथ रिलीज हुई कल्कि 2898 एडी के एक हफ्ते बाद रिलीज हुई थी लेकिन फिर भी इसके बॉक्स ऑफिस पर अपने पैर जमाने में कोई कसर नहीं छोड़ी। फिल्म की शुरुआत काफी अच्छी रही। युवा दर्शकों को खूब लुभा रही है एक्शन-थ्रिलर फिल्म किल। कड़ी चुनौती देने वाली फिल्मों कल्कि 2898 एडी, सरफिरा और हिंदुस्तानी 2 के बावजूद किल ने बॉक्स ऑफिस पर दूसरे सप्ताह में भी दमदार प्रदर्शन किया है। खासकर बड़े शहरों में युवा इस फिल्म को खास पसंद कर रहे हैं। बता दें कि किल को करण जौहर और गुनीत मोंगा ने मिलकर प्रोड्यूस किया है। यह बहुत कम बजट में बनी फिल्म है। वहीं निखिल नागेश भट्ट ने इस फिल्म को डायरेक्ट किया है। फिल्म 5 जुलाई को सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी। इस फिल्म में लक्ष्य लालवानी, राघव जुयाल के अलावा तान्या मानिकताला, अभिषेक चौहान, आशीष विद्यार्थी, हर्ष छाया और अद्रिजा सिन्हा में मुख्य भूमिका में हैं। फिल्म का प्रीमियर टोरेंटो फिल्म फेस्टिवल में भी किया गया था।

# ब्लैक आउटफिट में प्रज्ञा जैसवाल ने दिखाई सिजलिंग अदाएं

साउथ की खूबसूरत एक्ट्रेस प्रज्ञा जैसवाल आए दिन अपनी लेटेस्ट तस्वीरें इंस्टाग्राम अकाउंट पर पोस्ट कर अक्सर फैंस का सारा ध्यान अपनी ओर खींच लेती हैं। उनका हर एक लुक सोशल मीडिया पर पोस्ट होते ही चंद ही मिनटों में वायरल होने लगता है। अब हाल ही में एक्ट्रेस ने बेहद ही खूबसूरत सी तस्वीरें इंस्टाग्राम पर साझा की हैं। इन तस्वीरों में उनका कातिलाना अवतार देखकर फैंस एक बार फिर से अपने होश खो बैठे हैं।

एक्ट्रेस प्रज्ञा जैसवाल जब भी अपनी फोटोज इंस्टाग्राम पर पोस्ट करती हैं तो अक्सर फैंस उनके हर एक लुक पर अपना दिल हार जाते हैं।

हाल ही में एक्ट्रेस ने बेहद ही शानदार फोटोशूट की तस्वीरें फैंस के बीच शेयर की हैं। इन तस्वीरों में वो अपने कातिलाना अंदाज से लोगों के बीच कहर बरपा रही हैं।

एक्ट्रेस जब भी अपनी तस्वीरें इंस्टाग्राम पर पोस्ट करती हैं तो फैंस अक्सर उनके लुक्स की तारीफ करते नहीं थकते हैं।

इन तस्वीरों में आप देख सकते हैं एक्ट्रेस ने ब्लैक कलर का रिवीलिंग लहंगा पहना हुआ है, जिसमें वो एक से बढ़कर एक सिजलिंग अंदाज में पोज देते हुए नजर आ रही हैं।


गले में नेकलेस, खुले बाल, मिनिमल मेकअप और न्यूड शेड लिप्सटिक लगाकर एक्ट्रेस प्रज्ञा जैसवाल ने अपने आउटलुक को कंप्लीट किया है।

प्रज्ञा जैसवाल सोशल मीडिया लवर हैं और आए दिन अपनी ग्लैमरस फोटोज इंस्टाग्राम पर पोस्ट कर अक्सर फैंस को अपने कातिलाना हुस्न का दीदार करवाती



रहती हैं। एक्ट्रेस प्रज्ञा जैसवाल की इंस्टाग्राम पर फैन फॉलोइंग लिस्ट काफी तगड़ी है। उन्हें 2.5 मिलियन यूजर्स इंस्टाग्राम पर फॉलो करते हैं।

# मिर्जापुर 3 की सलोनी भाभी का किरदार निभाने वाली नेहा सरगम को मिला नेशनल क्रश का टैग



मिर्जापुर सीजन 3 रिलीज हो चुका है, जिसे फैन्स से मिली-जुली प्रतिक्रिया मिल रही है। कई लोगों को जहां मिर्जापुर 3 काफी पसंद आई है तो वहीं कई लोगों को इसकी कहानी दिलचस्प नहीं लगी। हालांकि इन सबके बीच जो किरदार चर्चा का विषय सलोनी त्यागी।

यह एक्ट्रेस मिर्जापुर सीजन 2 में दद्दा के बड़े बेटे भरत त्यागी की पत्नी बनीं, अब सीजन 3 में वो अपनी भूमिका को प्रमुखता से निभा रही हैं। इतना ही नहीं उन्होंने अपने किरदार को इतनी अच्छी तरह से निभाया है कि अब वो भारत की नई क्रश बन गई हैं। आइए एक्ट्रेस के बारे में विस्तार से जानते हैं।

मिर्जापुर सीजन 3 में सलोनी त्यागी के किरदार में नजर आ रही एक्ट्रेस का असली नाम नेहा सरगम है और वो सोशल मीडिया पर काफी चर्चा में रहती हैं। नेहा मूल रूप से बिहार के पटना की रहने वाली हैं। पटना में अपनी पढ़ाई पूरी करने के बाद वह अपनी मां और छोटी बहन के साथ मुंबई चली गईं। वह हमेशा से एक सिंगर बनने की ख्वाहिश रखती थीं और अपने सपनों को पूरा करने के लिए उन्होंने कड़ी मेहनत की।

नेहा ने इंडियन आइडल में भाग लिया और सीजन 4 में जगह बनाई, लेकिन दुर्भाग्य से प्रतियोगिता के दौरान गले में संक्रमण के कारण उन्हें रिजेक्ट कर दिया गया। नेहा साल २०१२ में टीवी शो रामायण- सबके जीवन का आधार में नजर आईं, जिसमें उन्होंने सीता की भूमिका निभाई थी।

रिपोर्ट्स के मुताबिक, नील भट्ट और नेहा तीन साल से रिलेशनशिप में थे और शादी करने की भी प्लानिंग कर रहे थे। हालांकि, आपसी मतभेदों के कारण दोनों को ब्रेकअप हो गया और दोनों के रास्ते हमेशा के लिए अलग हो गए।

# साइबर अपराधों में काफी विविधता

सतीश सिंह

भारत में साइबर अपराधों में काफी विविधता आई है।'तू डाल-डाल, मैं पात-पात' की तर्ज पर अपराधी अब नये-नये तरीकों से साइबर अपराध को अंजाम दे रहे हैं। नई मोडस ऑपरेंडी है 'डिजिटल हाउसअरेस्ट'।

इस तकनीक की मदद से ऑनलाइन फ्रॉड में काफी तेजी आई है। उदाहरण के तौर पर 11 मई को एक बुजुर्ग डॉक्टर को डिजिटली हाउसअरेस्ट करके 45 लाख रुपये ठगे गए। 15 अप्रैल को इंदौर के एक दंपति को 53 घंटों तक हाउसअरेस्ट करके रखा गया और लाखों रुपये ठगे गए। 6 जुलाई को वाराणसी में 3 दिनों तक डिजिटल हाउसअरेस्ट के जरिए सोनारपुरा के निहार पुरोहित से 28.75 लाख रुपये ठगे गए।

आजकल ऑनलाइन गेमिंग के जरिए भी ठगी की जा रही है। कूरियर, रिश्तेदार, दोस्त की गिरफ्तारी आदि की धमकी, अश्लील वीडियो आदि नये-नये तरीकों की मदद से ठगी करने की वारदात में तेजी आई है। स्नैप चैट, फेसबुक और इंस्टाग्राम भी अब ठगी के साधन बन गए हैं। मित्र या रिश्तेदार की फर्जी प्रोफाइल बनाकर ऐसी ठगी को अंजाम दिया जा रहा है। भारतीय रिजर्व बैंक की हालिया रिपोर्ट में कहा गया है कि वित्त वर्ष 2023 में भारत में 30,000 करोड़ रुपये से अधिक की धोखाधड़ी की गई और पिछले दशक में भारतीय बैंकों में 65017 धोखाधड़ी के मामले दर्ज हुए। ये आंकड़े निश्चित रूप से डराने वाले हैं।

हाल के वर्षों में कॉल फॉरवर्डिंग के जरिए साइबर अपराध करने की घटनाओं में उल्लेखनीय तेजी आई है। टेलीकॉम कंपनियां उपभोक्ताओं को कॉल फॉरवर्डिंग की सुविधा देती हैं, जिसके तहत कॉल एवं एसएमएस को फॉर्वर्ड किया जाता है। इस सुविधा का इस्तेमाल उपभोक्ता तब करते हैं, जब मीटिंग या किसी जरूरी काम में व्यस्त होते हैं, ताकि कोई जरूरी कॉल मिस न हो। इसके जरिए स्कैमर कॉल करके उपभोक्ताओं को यह कहता है कि हम आपकी टेलीकॉम प्रोवाइडर कंपनी से बोल रहे हैं। हमने नोटिस किया है कि आपके नंबर पर नेटवर्क की समस्या है। समस्या को दूर करने के लिए आपको 'स्टार 401 हैशटैग' नंबर डायल करना होगा।

यह नंबर डायल करने के बाद उपभोक्ता को अंजान नंबर पर कॉल करने के लिए कहा जाता है। जैसे ही, उपभोक्ता कॉल करता है, उसके सभी कॉल और मैसेज स्कैमर के पास पहुंच जाते हैं। अनुसंधानकर्ताओं की एक अंतरराष्ट्रीय टीम ने हाल ही में 'विश्व साइबर अपराध सूचकांक' तैयार किया है, जिसके अनुसार साइबर अपराध के मामले में भारत दुनिया में 10वें स्थान पर है। इस सूचकांक में 100 देशों को शामिल किया गया है। इसके मुताबिक साइबर अपराध के मामले में रूस शीर्ष पर है, जबकि यूक्रेन दूसरे, चीन तीसरे, अमेरिका चौथे, नाइजीरिया पांचवें, रोमानिया छठे और उत्तर कोरिया सातवें स्थान पर है। बीते कुछ वर्षो से गूगल सर्च इंजन पर लोग अपने हर प्रश्न का जवाब ढूंढ रहे हैं। ऐसे मनोविज्ञान को दृष्टिगत कर ठग नामचीन भुगतान एप्स जैसे गूगल पे, फोन पे, पेटीएम के नाम से अपना नंबर इंटरनेट पर सहेज रहे हैं जिसके कारण खुद से लोग हैकर्स के जाल में फंस जाते हैं।

अब तो ब्राउजरएक्सटेंशनके डाउनलोडिंग के जरिए भी साइबर अपराध किए जा रहे हैं। यह काम वायरस के जरिए किया जाता है। सार्वजनिक चार्जर पोर्ट के माध्यम से भी मोबाइल एवं लैपटॉप संक्रमित हो जाते हैं। क्रोम, मोजिला आदि ब्राउजर के जरिए किए गए ऑनलाइन लेन-देन ब्राउजर के सर्वर में सेव हो जाते हैं, जिन्हें सेटिंग में जाकर डिलीट करने की जरूरत होती है, लेकिन अज्ञानतावश लोग ऐसा नहीं करते हैं, और इसका फायदा साइबर ठगों को मिल जाता है।

फिशिंग के तहत किसी बड़ी या नामचीन कंपनी या फिर यूजर की कंपनी का फर्जी बेवसाइट बनाकर, जिसका स्वरूप असली बेवसाइट जैसा होता है से लुभावने मेल किए जाते हैं, जिसमें मुफ्त में महंगी चीजें देने की बात कही गई होती है। मोबाइल का चलन बढने के बाद हैकर्स एसएमएस या व्हाट्सएप के जरिए भी ऑफर वाले मैसेज भेजते हैं, जिनमें मैलवेयर युक्त हाइपर लिंक दिया हुआ होता है।

मैलवेयर, कंप्यूटर या मोबाइल या टैब में इंस्टॉल सॉफ्टवेयर को नुकसान पहुंचाने के साथ-साथ यूजर की वित्तीय जानकारी जैसे डेबिट या क्रेडिट कार्ड का विवरण, उनके पार्सवड, ओटीपी, मोबाइल नंबर, पता, बैंक खाता नंबर, जन्मतिथि आदि चुरा लेता है। यह यूजर की जानकारी के बिना उसके ईमेल खाते से दूसरे को फर्जी ईमेल भी भेज सकता है और इसके जरिए ठगी करने के साथ-साथ संवेदनशील जानकारी अवांछित लोगों को बेची भी जा सकती है। साथ ही साथ, इसकी मदद से किसी की सामाजिक प्रतिष्ठा को भी धूमिल किया जा सकता है।

आजकल साइबर अपराधी फोन कॉल्स या एसएमएस द्वारा लोगों को बिना कर्ज लिए ही कर्जदार बता कर उनसे पैसों की वसूली कर रहे हैं। ऐसी ब्लैकमेलिंग छोटी राशि मसलन 2000 से 5000 रुपये के लिए ज्यादा की जा रही है, ताकि आर्थिक रूप से कमजोर लोग पुलिस में शिकायत नहीं करें। लोन रिकवरी एजेंट यह धमकी देते हैं, आपने हमसे कर्ज लिया है और अगर दो-तीन दिनों में पैसे वापिस नहीं करेंगे तो आपकी आपत्तिजनक तस्वीरें वायरल कर दी जाएंगी या आपके सगे-संबंधियों या सहकर्मियों के साथ साझा कर दी जाएंगी और सबूत के तौर पर वे मोर्फड तस्वीरें और वीडियो भेजते हैं। मोबाइल एप से लोन लेना सूदखोर या महाजन या साहूकार से भी ज्यादा खतरनाक है।

कई बार लोन रिकवरी एजेंट लोगों से सिर्फ पैसे ही नहीं ठगते हैं, बल्कि समाज में उन्हें बदनाम भी कर देते हैं। अगर लोग ब्राउजिंग सेशन के दौरान संदेहास्पद पॉपअप से सतर्क रहें, और सुनिश्चित करें कि वेबसाइट्स या मोबाइल या पब्लिक लैपटॉप या डेस्कटॉप पर कार्ड की जानकारी साझा नहीं करेंगे, अंजान नंबर या ईमेल आईडी से आए अटैचमेंट को तुरंत डिलीट कर देंगे और ऑनलाइन लॉटरी, कैसिनो, गेमिंग, शॉपिंग या फ्री डाउनलोड वाले मैसेज की उपेक्षा करेंगे तो फिशिंग मेल या एसएमएस या व्हाट्सएप के जरिए फॉर्वर्ड होने वाले संदेहास्पद हाइपर लिंक के जाल से बचा जा सकता है। मामले में सावधानी ही बचाव है। लालच नहीं करें। यह सभी समस्याओं की जड़ है। मनोवैज्ञानिक दबाव में नहीं आएं। धमकी मिलने पर पुलिस की मदद लेने से हिचकें नहीं। तभी साइबर अपराध का शिकार बनने से बचा जा सकता है।

## बाहुबली के डायरेक्टर की बायोग्राफी मॉडर्न मास्टर्स: एसएस राजामौली की रिलीज डेट आउट

बाहुबली और आरआरआर जैसी मेगा-ब्लॉकबस्टर फिल्म के डायरेक्टर एसएस राजामौली की बायोग्राफी डॉक्यूमेंट्री की रिलीज डेटा का एलान हो गया है। नेटफ्लिक्स ने दिग्गज डायरेक्टर की बायोग्राफी का एलान कर एक पोस्टर भी छोड़ा है। नेटफ्लिक्स ने राजामौली की बायोग्राफी के टाइटल के साथ-साथ इसकी रिलीज डेट का भी एलान किया है। अब सोशल मीडिया पर इसका खूब हल्ला मच रहा है।

नेटफ्लिक्स राजामौली की बायोग्राफी डॉक्यूमेंट्री को लेकर लंबे समय से चर्चा में था। राजामौली की डॉक्यूमेंट्री की नाम मॉडर्न मास्टर्स: एसएस राजामौली है, जिसे अपलोज एंटरटेनमेंट और फिल्म कंपेनियोन बनाया है।

राजामौली की डॉक्यूमेंट्री पहली ऐसी फिल्म है, जो फिल्म और उनके डायरेक्टर पर बात करती है। उन लोगों की बात करती हैं जो इंडियन सिनेमा के मास्टर्स हैं, जिनका सिनेमा अलग दुनिया का है। बता दें, नेटफ्लिक्स आगामी 2 अगस्त को राजामौली की बायोग्राफी डॉक्यूमेंट्री स्ट्रीम करने जा रहा है।वहीं, सोशल मीडिया पर राजामौली की फिल्मों के दिवाने फैंस अब उन्हें बधाईयां दे रहे हैं और कह रहे हैं कि उन्हें 2 अगस्त का बेसब्री से इंतजार है। एक्स हैंडल पर राजामौली के फैंस उनकी इस डॉक्यूमेंट्री के पोस्टर को शेयर कर अपनी खुशी जाहिर कर रहे हैं। बता दें, राजामौली ने अभी तक अपने करियर में जितनी भी फिल्में है की हैं, उसमें लगभग सभी हिट हैं। इसमें मगाधीरा, मक्खी, बाहुबली 1, बाहुबली 2 और पिछली मेगा-ब्लॉकबस्टर फिल्म आरआरआर शामिल है।

## सू- दोकू क्र.147

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 1 | | | 4 | | | 7 | |
| | | 6 | 9 | | 2 | | | 1 |
| | 7 | | | 6 | | 8 | | 2 |
| 1 | | | | | | | 8 | |
| | 8 | | | 5 | | 2 | | 3 |
| 3 | | 2 | | | 4 | | 1 | |
| | 3 | | 2 | | | 4 | | |
| | | 8 | | 1 | 6 | | | 7 |
| 9 | | | 4 | | | | 2 | |

**नियम**

1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गो का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते है।
3. बाएं से दाएं और उपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

**सू-दोकू क्र 146 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | 9 | 6 | 8 | 2 | 5 | 4 | 7 | 1 |
| 8 | 2 | 5 | 1 | 7 | 4 | 6 | 3 | 9 |
| 7 | 1 | 4 | 6 | 9 | 3 | | 2 | 5 |
| 1 | 8 | 9 | 3 | 6 | 7 | 2 | 5 | 4 |
| 2 | 6 | 7 | 5 | 4 | 8 | 1 | 9 | 3 |
| 5 | 4 | 3 | 9 | 1 | 2 | 7 | 8 | 6 |
| 6 | 7 | 2 | 4 | 3 | 9 | 5 | 1 | 8 |
| 9 | 5 | 1 | 7 | 8 | 6 | 3 | 4 | 2 |
| 4 | 3 | 8 | 2 | 5 | 1 | 9 | 6 | 7 |

# देश में फैल रही बदहाली

एनएसएसओ की गैर कंपनी यानी अनौपचारिक क्षेत्र में रोजगार की स्थिति के बारे में सर्वे रिपोर्ट आई है। उस रिपोर्ट के मुताबिक 2015-16 से 2022-23 के बीच इस क्षेत्र में 13 राज्यों में रोजगार प्राप्त मजदूरों की संख्या गिरी।

भारत के रोजगार की हालत खराब है, लेकिन यह बदहाली सिर्फ औपचारिक क्षेत्र तक ही सीमित नहीं है। अनौपचारिक क्षेत्र में हालत बदतर है। चूंकि यह तथ्य नेशनल सैंपल सर्वे ऑफिस (एनएसएसओ) के सर्वेक्षण से सामने आया है और इसलिए सरकार इससे इनकार नहीं कर सकती। जैसाकि भारत सरकार ने सिटीग्रुप रिसर्च की एक अध्ययन रिपोर्ट के मामले में किया है।

इस रिपोर्ट में कहा गया है कि अगर जीडीपी सात प्रतिशत की दर से भी बढ़ती रहती है, तब भी भारत बेरोजगारी की समस्या हल नहीं कर पाएगा। इसलिए सिटीग्रुप की सलाह है कि भारत सरकार सिर्फ ग्रोथ रेट के भरोसे ना बैठी रहे, बल्कि रोजगार बढ़ाने वाले उपायों पर विशेष और अलग से ध्यान दे। मगर यह रिपोर्ट आने के तुरंत बाद सरकार ने इसका खंडन कर दिया। उसने दावा किया कि 2017-18 से 2021-22 के बीच आठ करोड़ रोजगार पैदा किए गए हैँ।

बहरहाल, अब एनएसएसओ की गैर कंपनी क्षेत्र में रोजगार के बारे में सर्वे रिपोर्ट आई है।

ये रिपोर्टें 18 राज्यों के उन कारोबार से संबंधित हैं, जिनका कंपनी कानून के तहत रजिस्ट्रेशन नहीं कराया गया है। यानी ये छोटे कारोबार हैं और अनौपचारिक क्षेत्र का हिस्सा हैं।

रिपोर्ट के मुताबिक 2015-16 से 2022-23 के बीच इस क्षेत्र में 13 राज्यों में रोजगार प्राप्त मजदूरों की संख्या गिरी। कर्नाटक और तमिलनाडु दो ऐसे राज्य रहे, जहां ऐसे रोजगार में सबसे ज्यादा गिरावट आई। वहां यह गिरावट क्रमश- 13 लाख और 12 लाख रही। अगर ध्यान दें, तो यह वही अवधि है, जब नोटबंदी, जीएसटी लागू होने और फिर कोरोना महामारी के दौरान अनियोजित लॉकडाउन की सबसे ज्यादा मार अनौपचारिक क्षेत्र पर पड़ी थी। यह बात ध्यान में रखने की है कि अनौपचारिक में मौजूद रोजगार अस्थायी किस्म का होता है, जहां मजदूर कम वेतन और बिना किसी सामाजिक सुरक्षा के काम करते हैं।

अगर ऐसी जगहों पर भी काम के अवसर घटे हैं, तो समझा जा सकता है कि क्यों देश में रोजमर्रा का न्यूनतम उपभोग भी घटता चला गया है। जाहिर है, इससे देश में फैल रही बदहाली को समझने के सूत्र भी मिलते हैं।(आरएनएस)

## किसी ने भी नहीं सोचा था कि मैं 36 डेज में ग्रे किरदार निभाऊंगी: नेहा शर्मा

इल्लीगल, शाइनिंग विद द शर्मा जैसी वेब सीरीज के बाद एक्ट्रेस नेहा शर्मा इन दिनों 36 डेज को लेकर सुर्खियों में हैं। सीरीज में वह फराह का किरदार निभा रही हैं।

शो में अपनी कास्टिंग पर नेहा ने बात की। उन्होंने कहा, मुझे नहीं लगता कि किसी ने भी सोचा था कि मैं एक ग्रे किरदार निभा सकती हूं, इसलिए जब मेकर्स ने 36 डेज के लिए मुझसे बात की, तो मैं एक्टसाइटेड हो उठी। मैंने ओरिजनल बीबीसी शो 35 डेज का थोड़ा सा हिस्सा देखा था, और यह बिल्कुल दिमाग घुमाने वाला थाउन्होंने कहा, जब उन्होंने मुझे इस फिल्म के लिए चुना, तो मैं इसका हिस्सा बनने के लिए बेताब थी। इस प्रोजेक्ट में शामिल होने का मैं बेसब्री से इंतजार कर रही थी। मैं यह देखने के लिए उत्सुक हूं कि इस शो को लेकर दर्शक कैसी प्रतिक्रिया देते हैं। उम्मीद करती हूं कि वे इसका आनंद लेंगे। शो में पूरब कोहली, श्रुति सेठ, चंदन रॉय सान्याल, अमृता खानविलकर, शारिब हाशमी, सुशांत दिवगिकर, शेरनाज पटेल, फैजल राशिद, चाहत विग और केनेथ देसाई अहम रोल में हैं। विशाल फुरिया द्वारा निर्देशित, 36 डेज यूके शो 35 डेज का आधिकारिक भारतीय रूपांतरण है। 36 डेज का निर्माण बीबीसी स्टूडियोज इंडिया के सहयोग से अप्लॉज एंटरटेनमेंट द्वारा किया गया है।सीरीज सोनी लिव पर स्ट्रीम हो रही है।

# नगर निगम ने लघु व्यापारियों को नए परिचय पत्र देने के लिए लगाया कैम्प

संवाददाता

हरिद्वार। नगर निगम प्रशासन द्वारा लघु व्यापारियों को नए परिचय पत्र देने के लिए कैम्प का आयोजन किया गया। आज यहां उत्तराखंड सरकार के निर्देशन में हरिद्वार नगर निगम प्रशासन द्वारा कावड़ मेले के दृष्टिगत रेड़ी पटरी के स्ट्रीट वेंडर्स लघु व्यापारियों को नगर निगम प्रशासन द्वारा नगर आयुक्त वरुण चौधरी के आदेश के अनुसार नगर निगम में सिटी मेंशन विभाग द्वारा पंजीकरण रेड़ी पटरी के लघु व्यापारियों का कैंप लगाकर आवेदन प्रारंभ किया। लघु व्यापार एसोसिएशन के प्रांतीय अध्यक्ष फेरी समिति सदस्य संजय चोपड़ा फेरी समिति सदस्य राजकुमार,कमल सिंह, सुमन गुप्ता,आशा देवी, मोनू तोमर, तस्लीम अहमद द्वारा संयुक्त रूप से रेड़ी पटरी के लघु व्यापारियों को जागरुक कर उत्तराखंड नगरी फेरी नीति नियमावली के नियमानुसार नगर निगम प्रशासन द्वारा परिचय पत्र कैंप का पूर्ण सहयोग किया। नगर निगम प्रशासन की ओर से परिचय पत्र कैंप में कर निर्धारण अधीक्षक सुनीता सक्सेना सिटी मेंशन मैनेजर अंकित सिंह रमोला अधिकारी कर्मचारी शामिल रहे। इस अवसर पर संजय चोपड़ा ने कहा मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के निर्देशन में नगर निगम प्रशासन द्वारा राज्य फेरी नीति नियमावली के नियम अनुसार पूर्व वर्ष के 2018 के पंजीकृत रेड़ी पटरी के स्ट्रीट वेंडर लघु व्यापारियों को नई पहचान बनाते हुए परिचय पत्र दिया जाना नगर निगम प्रशासन की ओर से एक अच्छी स्वस्थ परंपरा के साथ एक नई व्यवस्था बनाई जा रही है और कावड़ मेले के दौरान स्थानीय रेडी पटरी के स्ट्रीट वेंडर लघु व्यापारी आसानी से अपनी पहचान बता सकेंगे। संजय चोपड़ा ने कहा कावड़ मेले के दौरान जिला प्रशासन पुलिस प्रशासन का पूर्ण सहयोग किया जाएगा। नगर निगम प्रशासन की ओर से लघु व्यापारियों को नए परिचय पत्र जारी करने के प्रथम दिन के कैंप में आवेदन करता जय सिंह, मनीष शर्मा, कपिल सिंह, नीतीश अग्रवाल, कमल शर्मा, नंदकिशोर, नीरज कश्यप, विकास सक्सेना, प्रद्युम्न सिंह, जय भगवान, रणवीर सिंह, धर्मपाल सिंह, नितिन कुमार, पूनम कामिनी, मिश्रा, पुष्पा दास, सावित्री देवी, तुलसी देवी, सुनीता चौहान आदि प्रमुख रूप से शामिल रहे।



# दूसरे दिन भी जारी रही समीक्षा बैठक

संवाददाता

देहरादून। फैक्ट फाइंडिंग कमेटी ने दूसरे दिन भी समीक्षा बैठक में निर्देश दिये। आज यहां पूर्व सांसद एवं अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी की लोकसभा चुनाव हेतु फैक्ट फाइंडिंग कमेटी के सदस्य, पीएल पुनिया उपस्थिति में दूसरे दिवस में गढ़वाल/टिहरी/हरिद्वार संसदीय क्षेत्र की समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में पूर्व सांसद, सांसद प्रत्याशी, विधायक, पूर्व विधायक, जिला/महानगर अध्यक्ष, ब्लॉक/नगर अध्यक्षों ने प्रतिभाग किया। पीएल पुनिया ने सभी नेताओं एवं कार्यकर्ताओं को एकजुट होकर आगामी चुनाव लडने का आवाहन करते हुए कहा कि जैसे विधानसभा उपचुनाव में सभी नेता एंव कार्यकर्ताओं ने एकजुट होकर चुनाव लड़ा और उत्तराखंड में ऐतिहासिक जीत दर्ज की ऐसे ही आगामी चुनाव में कांग्रेस पार्टी पूरे देश में विजय का परचम लहराएगी। इस अवसर पर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष करन माहरा ने समीक्षा बैठक में प्रतिभाग करने वाले सभी वरिष्ठ कांग्रेसजनों एवं कार्यकर्ताओं का आभार व्यक्त किया। इस मौके पर प्रदेश उपाध्यक्ष संगठन मथुरा दत्त जोशी, प्रदेश महामंत्री संगठन विजय सारस्वत, मीडिया सलाहकार अमरजीत सिंह, मीडिया प्रभारी राजीव महर्षि, प्रदेश महामंत्री नवीन जोशी, गोदावरी थापली, याकुब सिद्धिकि, राजेन्द्र शाह, नवनीत सती, गिरीश पपने, गोपाल सिंह गडिया, सुलेमान अली आदि उपस्थित रहे।

# मकान के नाम पर 26 लाख रुपये की धोखाधडी में पांच लोगों पर मुकदमा

देहरादून (सं)। मकान दिलाने के नाम पर 26 लाख रूपये की धोखाधडी में पुलिस ने पांच लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी। प्राप्त जानकारी के अनुसार सपेरा बस्ती ननूर खेडा निवासी मौहम्मद नासिर ने पटेलनगर कोतवाली में मुकदमा दर्ज कराते हुए बताया कि उसकी पहचान मुल्ला बिल्डिंग गांधी रोड निवासी नीजाम के साथ थी। उसने नीजाम को मकान खरीदने की बात कही थी। नीजाम व उसकी पत्नी अल्मा, उसकी मां खेरो ने उसको बताया कि माजरा निवासी उनकी पहचान के साजिद अपना मकान बेचना चाह रहा है। जिसके बाद वह साजिद व उसकी पत्नी आसमा व सारिक उर्फ सनी से मिला। उन्होंने उसको मकान दिखाया जिसके बाद उनकी बातों में आकर उसने उनको 26 लाख 75 हजार रूपये दे दिये। जिसके बाद से वह उनको मकान की रजिस्ट्री करने के लिए कहता तो वह टाल मटोल करने लगे। उसने जब अपने रूपये वापस मांगे तो उन्होंने उसके साथ गाली गलौच करते हुए जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने सभी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

# 24 को प्रतिनिधि मंडल पीड़ित ग्राम प्रधान से मिलने जाएंगे

संवाददाता

देहरादून। पीडित ग्राम प्रधान से मिलने एसटी, एससी, ओबीसी त्रिस्तरीय पंचायत संगठन का चार सदस्यीय प्रतिनिधि मंडल 24 को जायेगा।

आज यहा पंचायत संगठन के प्रदेश संयोजक तथा पिथौरागढ़ के जिला पंचायत सदस्य जगत मर्तोलिया ने बताया उत्तराखंड एसटी, एससी, ओबीसी त्रिस्तरीय पंचायत संगठन ने 24 जुलाई को पीड़ित अनुसूचित जनजाति की ग्राम प्रधान विनिता राणा से मिलने के लिए एक चार सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल मंडल भेजने का निर्णय लिया है।

प्रतिनिधिमंडल को पुलिस तथा प्रशासन का सहयोग प्राप्त हो इसके लिए मुख्य सचिव तथा पुलिस महानिदेशक को ईमेल के द्वारा पत्र भेज दिया गया है। संगठन ने कहा कि वह ग्राम प्रधान से मिलने के बाद घटना तथा आज तक की कार्रवाई पर धरातलीय रिपोर्ट लेकर आएगी। उसके बाद उत्तराखंड के साथ-साथ पूरे भारत मे आंदोलन को तेज किया जाएगा। 10 जुलाई को विकासखंड चंपावत की ग्राम पंचायत गुदमी में ग्राम पंचायत विकास अधिकारी की सूचना पर आपदा प्रभावितों को राशन आदि आवश्यक सामग्री दिए जाने की सूचना पर ग्राम प्रधान सूचना देने तथा सामान वितरण करने के लिए जैसे ही जा रही थी कि पूर्व से घात लगाकर इंतजार कर रहे सैकड़ो महिला तथा पुरुषों के झुंड ने ग्राम प्रधान को घेर लिया। ग्राम प्रधान की जाति को गाली देते हुए थूकने काम भी किया। ग्राम प्रधान को भीड़तंत्र ने ऐसे घेर लिया कि जैसे उसकी जान ले लेगी। जब ग्राम प्रधान भीड़तंत्र से अपनी जान को बचाते हुए सुरक्षित स्थान को जाती रही थी तो पूर्व से बनी जूते की माला ग्राम प्रधान के

## ❑न्याय के लिए होगा नियमित आंदोलन

गले में डाल दी गई। उस घटना के वायरल होने तथा कोतवाली में ग्राम प्रधान द्वारा प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज की। उस तिथि से आज तक पीड़ित ग्राम प्रधान को कोई न्याय नहीं मिला है। उन्होंने बताया कि घटना की जांच सही से नहीं की जा रही है। गंभीर धाराओं को नहीं लगाया जा रहा है। अभी तक ग्राम प्रधान को पुलिस सुरक्षा नहीं दी गई है। तहसीलदार तथा ग्राम पंचायत विकास अधिकारी द्वारा सरकारी तथा आपदा के कार्यों में बाधा डालने का मुकदमा दर्ज नहीं किया गया है। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार प्रत्यक्ष तथा अप्रत्यक्ष रूप से आरोपियों को बचाने तथा मुकदमें को कमजोर करने में लगी है। उन्होंने कहा कि पीड़ित ग्राम प्रधान से मिलने के बाद प्रतिनिधिमंडल आज तक की कार्रवाई पर उपजिलाधिकारी कार्यालय में एसडीएम की उपस्थिति में संबंधित कोतवाल, पुलिस क्षेत्राधिकारी, तहसीलदार तथा ग्राम पंचायत विकास अधिकारी के साथ उनका पक्ष जानने के लिए वार्ता करेगी। उन्होंने बताया कि इसी दिन बनबसा में स्थानीय पत्रकारों से बातचीत करते हुए खटीमा में थारु जनजाति तथा बाजपुर में बुक्सा जनजाति समुदाय के साथ बैठक भी करेंगे। इन बैठकों में जनजाति की महिला ग्राम प्रधान को न्याय दिलवाने के लिए आंदोलन चलाने पर विचार विमर्श किया जाएगा। उन्होंने कहा कि सरकार कितनी भी ताकत लगा ले वह इस न्याय के संघर्ष को रोकने में सफल नहीं हो पाएगी। एक निर्वाचित जन प्रतिनिधि के गले में जूतों की माला डालने की महा शर्मसार करने वाली घटना से उत्तराखंड सरकार सबक नहीं ले पा रही है। सरकार आरोपियों को बचाने की जगह सख्त कार्रवाई करे। उन्होंने चेतावनी दी कि अगर निर्वाचित पंचायत सदस्यों को अपनी पीड़ित ग्राम प्रधान से मिलने नहीं दिया गया तो इसके गंभीर परिणाम सरकार को भुगतने होंगे।

# बिजली चोरी में दो के खिलाफ मुकदमा दर्ज

संवाददाता

देहरादून। पुलिस ने बिजली चोरी में दो लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी। प्राप्त जानकारी के अनुसार केवी उपसंस्थान कारगी के अवर अभियंता अनिल कुमार ने पटेलनगर कोतवाली में मुकदमा दर्ज कराते हुए बताया कि उसने वृदा गार्डन निवासी सत्यनारायण डबराल व मुस्लीम बस्ती निवासी मंसूर अली के यहां छापा मारा तो वहां पर विद्युत पोल के बाक्स में एम्प्लिफायर की तार जोडकर बिजली चोरी करते हुए पकडा।

# चोरी की एक्टिवा के साथ दो गिरफ्तार

संवाददाता

देहरादून। पुलिस ने चोरी की एक्टिवा के साथ दो लोगों को गिरफ्तार कर उनके खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उनको न्यायालय में पेश किया जहां से उनको न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार चूना भटटा निवासी इसराना ने रायपुर थाने में मुकदमा दर्ज कराते हुए बताया कि उसकी स्कूटी घर के बाहर खडी थी लेकिन जब वह थोडी देर बाद वापस आयी तो उसने देखा कि उसकी स्कूटी अपने स्थान से गायब थी। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी। पुलिस ने आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों को खंगाला तो पुलिस को महत्वपूर्ण जानकारी हासिल हुई। पुलिस ने चैकिंग के दौरान लाडपुर तिहारे के पास चोरी की स्कूटी के साथ दो लोगों को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में उन्होंने अपने नाम रोहित कुमार पुत्र रोशन लाल निवासी मंदाकिनी विहार व ऋषभ कुमार पुत्र राजकुमार निवासी ब्रह्मवाला खाला बताया। पुलिस ने दोनों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उनको न्यायालय में पेश किया जहां से उनको न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया।

# खनन के वाहनों की आवाजाही से ग्रामीणों को निजात दिलाएगा मोर्चाः नेगी

संवाददाता

विकासनगर। जन सघंर्ष मोर्चा के अध्यक्ष रघुनाथ सिंह नेगी ने कहा कि खनन से भरे वाहनों की आवाजी से ग्रामीणा को मोर्चा निजात दिलायेगा।

आज यहां खनन से भरे वाहनों की आवाजाही के कारण ढकरानी कॉलोनी को जाने वाला संपर्क मार्ग जर्जर स्थिति में पहुंच गया है। इसे लेकर ग्रामीणों ने जन संघर्ष मोर्चा अध्यक्ष रघुनाथ सिंह नेगी के समक्ष गुहार लगाई थी, जिस पर मोर्चा अध्यक्ष ने उप जिलाधिकारी से वार्ता कर मौके पर जिला खान अधिकारी व तहसील प्रशासन को भेजने का अनुरोध किया था। इसी क्रम में ढकरानी गांव में मोर्चा अध्यक्ष की मध्यस्थता में तहसीलदार, जिला खान अधिकारी व ग्रामीणों के बीच वार्ता हुई एवं मौके की स्थिति भी परखी।



ग्रामीणों ने कहा कि उनकी समस्या को देखते हुए खनन से भरे वाहनों को आबादी के बीचों-बीच न चलने दिया अथवा वन- वे किया जाना चाहिए। खनन से भरे वाहनों के कारण उनका जीना मुहाल हो गया है। कहा कि स्थिति यह है कि कई लोग घर बेचकर जाने को मजबूर हैं। मोर्चा अध्यक्ष नेगी ने जिला खान अधिकारी व तहसील प्रशासन को बीच का रास्ता निकालने का सुझाव दिया। उन्होंने कहा कि ग्रामीणों को किसी प्रकार की असुविधा नहीं होने दी जाएगी। उन्होंने कहा कि यदि खनन विभाग ने कोई रास्ता नहीं निकाला, तो जन संघर्ष मोर्चा ग्रामीण की समस्या को देखते हुए शासन व न्यायालय से इनके स्टोनक्रेशर निरस्त करवाएगा। उन्होंने कहा कि खनन भी जरूरी है, लेकिन ग्रामीणों को भी किसी प्रकार की कोई असुविधा नहीं होनी चाहिए। इस मौके पर सायरा बानो, सुमन लता, निशा खातून, लता थापा, नजराना सफी, बीना शर्मा, अशोक अग्रवाल, नानक सिंह, खलील अहमद, अकरम, शीला देवी, कमला देवी व मोर्चा के जिला मीडिया प्रभारी प्रवीण शर्मा पिन्नी आदि मौजूद थे।

## एक नजर


# 'जय संतोषी मा' फिल्म के प्रोड्यूसर सतराम रोहरा का निधन

मुंबई। भारत की सबसे बड़ी ब्लॉकबस्टर फिल्मों में एक जय संतोषी मां फिल्म को बनाने वाले सतराम रोहरा का निधन हो गया है। 85 वर्ष की आयु में सतराम रोहरा ने दुनिया को अलविदा कह दिया। सतराम रोहरा की सबसे बड़ी फिल्म जय संतोषी मां थी जो बॉक्स ऑफिस पर ताबड़तोड़ कमाई कर गई। इस फिल्म के साथ शोले जैसी फिल्म क्लैश हुई थी जो भारतीय सिनेमा की सबसे बड़ी फिल्मों में एक है। मुश्किल कॉम्पटीशन होने के बाद भी जय संतोषी मां ने जबरदस्त कमाई की थी। 16 जून 1939 को ब्रिटिश इंडिया के सिंध (अब पाकिस्तान में) में सतराम रोहरा का जन्म हुआ लेकिन आजादी के बाद इनका पूरा परिवार मुंबई आ गया था। प्रोड्यूसर के तौर पर सतराम रोहरा की पहली फिल्म शेरा डाकू (1966) थी और इसके बाद उनकी फिल्म रॉकी मेरा नामश आई जो सुपरहिट रही। सतराम रोहरा ने घर की लाज, करण, जय काली, नवाब साहिब जैसी फिल्में बनाईं। सतराम रोहरा सिंगर भी थे जिन्होंने झूलेलाल, हाल ता भाजी हालू, शल ध्यार ना जामन और लाडली जैसे गाने गाए हैं। इन्होंने महाभारत (1987) में भी बतौर सिंगर काम किया है। 15 अगस्त 1975 को हिंदी सिनेमा की दो फिल्में जय संतोषी मां और शोले रिलीज हुईं। जय संतोषी मां को पहले दिन से ही रिस्पॉन्स मिला लेकिन शोले को रिस्पॉन्स रिलीज के तीन-चार दिन बाद मिला। मेकर्स को लगा था कि शोले फ्लॉप होगी लेकिन जब इसने रफ्तार पकड़ी तो इसे कोई रोक नहीं पाया और ये फिल्म ऐतिहासिक बन गई।



# ये मुंबई का नाम अडानी सिटी भी कर देंगे: उद्धव ठाकरे

मुंबई। शिवसेना (यूबीटी) के प्रमुख उद्धव ठाकरे ने शनिवार को प्रेस कान्फ्रेंस कर राज्य सरकार पर जमकर हमला बोला। प्रेस कान्फ्रेंस में उद्धव ठाकरे ने कहा, लाडली बहना और कई योजनाओं के नाम से जनता को आकर्षित करने का काम किया जा रहा है। उद्योगपति गौतम अडानी पर निशाना साधते हुए उन्होंने कहा कि आज मैं एक योजना के बारे में कहने आया हूं। वो योजना है लड़का उद्योगपति योजना। ठाकरे ने कहा, धारावी में हमने आंदोलन किया था। वहां के लोगों को 500 वर्ग फुट का घर मिलना ही चाहिए। हर घर में एक माइक्रो व्यापार चलता है। इसके लिए क्या उपाय किया जाएगा। ये मुंबई का नाम अडानी सिटी भी कर देंगे। इनकी कोशिश चल रही है, उसे हम होने नहीं देंगे। उन्होंने कहा, धारावी के लोगों को पात्र और अपात्र के चक्रव्यू में फंसाने की कोशिश की जा रही है। हमारी सरकार सत्ता में आएगी तो हम धारावी के लोगों को दूसरी जगह नहीं बसाएंगे। धारावी में ही कारोबार की उचित व्यवस्था की जाएगी। उद्धव ठाकरे ने कहा, धारावी का विकास होना चाहिए, अडानी का नहीं। अगर अडानी ये सब पूरा नहीं कर सकते तो दोबारा टेंडर कराया जाए। ग्लोबल टेंडर निकलना चाहिए और पारदर्शिता का पालन होना चाहिए। हम मुंबई को अडानी सिटी नहीं बनने देंगे।



# फिश प्रोसेसिंग प्लांट में हुई गैस लीक, 30 महिलाएं अस्पताल में भर्ती

चेन्नई। तमिलनाडु के तुतिकोरीन में एक फिश प्रोसेसिंग प्लांट में अमोनिया गैस लीक की वजह से 30 महिलाकर्मी बीमार पड़ गईं। यह घटना शुक्रवार रात बिजली की खराबी के बाद हुई। बताया जा रहा है कि प्लांट के भीतर अमोनिया गैस पाइप के फटने के बाद यह हादसा हुआ। फिश प्रोसेसिंग प्लांट में अपनी शिफ्ट के दौरान महिलाकर्मी गैस के संपर्क में आईं और उनके संपर्क में आने के बाद उनमें कई तरह के लक्षण दिखे। प्रभावित महिलाओं को आंखों में जलन, घुटन, चक्कर आना और अन्य परेशान करने वाले लक्षण महसूस हुए। यह घटना तूतीकोरिन के पुतुर पांडियापुरम इलाके में संचालित प्राइवेट फिश प्रोसेसिंग यूनिट में हुई, जो मछली का प्रोसेसिंग करती है और उसे विदेश में निर्यात करती है। तमिलनाडु और अन्य राज्यों के विभिन्न हिस्सों से 500 से ज्यादा महिलाएं इस फिश प्रोसेसिंग यूनिट में काम करती हैं। गैस लीक की जानकारी मिलते हैं प्रभावित श्रमिकों को जल्दी से प्लांट से निकाला गया और इलाज के लिए पास के ही एक प्राइवेट अस्पताल में भर्ती कराया गया। मसलन, सभी महिलाकर्मियों को एवीएम अस्पताल, राजेश तिलक अस्पताल और अरुलराज अस्पताल शामिल ले जाया गया था। फिलहाल, इस घटना की जांच पुलिस अधिकारियों द्वारा की जा रही है।



# मुख्य सचिव ने भारतनेट, दिल्ली-देहरादून एक्सप्रेस वे, देवबंद-रुड़की रेलवे लाइन प्रोजेक्ट की समीक्षा की

कार्यालय संवाददाता



देहरादून। सीएस श्रीमती राधा रतूड़ी ने भारत नेट प्रोजेक्ट के तहत राज्य में 697 ग्राम पंचायत में से अवशेष 227 ग्राम पंचायत भवनों में समयबद्धता से विद्युतीकरण के निर्देश दिए हैं ताकि इनमें जल्द से जल्द ब्रॉडबैंड कनेक्टिविटी दी जा सके। मुख्य सचिव श्रीमती राधा रतूड़ी ने निर्देश दिए कि राज्य की कठिन भौगोलिक स्थिति, सामरिक महत्व और प्राकृतिक आपदाओं के प्रति संवेदनशीलता को ध्यान में रखते हुए भारतनेट प्रोजेक्ट को समयबद्ध तरीके से क्रियान्वित किया जाना चाहिए।

मुख्य सचिव श्रीमती राधा रतूड़ी ने सचिवालय में पीएम प्रगति पोर्टल के तहत भारतनेट, दिल्ली देहरादून एक्सप्रेस-वे, देवबंद रुड़की रेलवे लाइन प्रोजेक्ट तथा AMRUT 2-0 ( Atal Mission For Rejuvenation & Urban Transformation 2-0) और ( PM &ABHIM) PM & Ayushman Bharat Health Infrastructure Mission कार्यक्रमों की समीक्षा की।

बैठक में राज्य में भारतनेट प्रोजेक्ट की प्रगति के सम्बन्ध में जानकारी दी गई कि 697 ग्राम पंचायतों में से 339 को स्थायी कनेक्शन के साथ विद्युतीकृत कर दिया गया है। 173 ग्राम पंचायतों ने विद्युतीकरण के लिए यूपीसीएल को आवश्यक शुल्क का भुगतान कर दिया है। 43 ग्राम पंचायतों को शहरी क्षेत्र में स्थानांतरित कर दिया गया है, जहां 33 के विद्युतीकरण की प्रक्रिया पूरी हो गई है और शेष 10 साइटों को विद्यालयी शिक्षा और महिला एवं बाल विकास विभाग को हस्तांतरित किया जा रहा है। 98 ग्राम पंचायतों को बिना ग्राम पंचायत भवन की श्रेणी में सूचीबद्ध किया गया है, जो अनिश्चित स्थिति में है। जीपीओएन उपकरण को स्थानांतरित करने के लिए वैकल्पिक साइटों की पहचान की जा रही है। शेष 44 ग्राम पंचायतें बिजली कनेक्शन के लिए आवेदन करने और भुगतान करने की प्रक्रिया में हैं।

मुख्य सचिव श्रीमती राधा रतूड़ी ने दिल्ली देहरादून एक्सप्रेस वे तथा देवबंद रुड़की रेलवे लाइन प्रोजेक्ट्स के त्वरित क्रियान्वयन के निर्देश दिए हैं। उन्होंने इस संबंध में उत्तर प्रदेश शासन से प्रभावी समन्वय के भी निर्देश दिए हैं।

मुख्य सचिव श्रीमती राधा रतूड़ी ने सचिव शहरी विकास के माध्यम से AMRUT 2-0 कार्यक्रम के तहत संचालित प्रोजेक्ट्स की नियमित मॉनिटरिंग सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। इसके साथ ही मुख्य सचिव ने पेयजल की गुणवता की मॉनिटरिंग में आमजन की भागीदारी बढ़ाने के लिए नागरिकों को प्रशिक्षण देने के निर्देश दिए हैं। मुख्य सचिव ने विशेष रूप से महिला स्वयं सहायता समूहों को वॉटर टेस्टिंग की ट्रेनिंग तथा वॉटर ट्रीटमेंट प्लांट के संचालन के संबंध में जानकारी देने के निर्देश दिए हैं।

## दरोगा व हेड कांस्टेबल रिश्वत लेते गिरफ्तार

नैनीताल (हसं)। रिश्वत खोरी के खिलाफ बड़ी कार्यवाही करते हुए विजिलेंस विभाग ने कोतवाली रामनगर में स्थित एलआईयू के कार्यालय में छापामारी कर सब इंस्पेक्टर सौरभ राठी को गिरफ्तार कर लिया है।भ्रष्टाचार के खिलाफ मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी का कड़ा एक्शन जारी है। इसी क्रम में आज विजिलेंस ने कार्रवाई करते हुए एलआईयू में तैनात दरोगा सौरभ राठी और हेड कांस्टेबल गुरुप्रीत सिंह को रिश्वत लेते हुए रंगे हाथो गिरफ्तार कर लिया है। एसपी विजिलेंस धीरेंद्र गुंज्याल ने जानकारी देते हुए बताया है कि शिकायतकर्ता द्वारा विजिलेंस के भ्रष्टाचार निरोधी हेल्पलाइन नंबर और व्हाट्सएप्प नंबर पर शिकायत की गई थी। दो दिनों पूर्व हुई शिकायत को जांच करने पर सही पाया गया और आज रिश्वत लेते हुए दरोगा सौरव राठी और हेड कांस्टेबल गुरु प्रीत सिंह जो कि दोनों ही एलआईयू में तैनात है को गिरफ्तार किया गया है।

## घायल महिला कांस्टेबल का हाल जानने पहुंचे एसएसपी

संवाददाता



देहरादून। सडक दुर्घटना में घायल महिला कांस्टेबल का हाल जानने के लिए एसएसपी अजय सिंह अस्पताल पहुंचे और चिकित्सकों से भी जानकारी ली।

आज यहां एसएसपी अजय सिंह द्वारा कनिष्क अस्पताल पहुंचकर जाना सडक दुर्घटना मे घायल महिला आरक्षी का हाल। डाक्टरों से घायल महिला आरक्षी के स्वास्थ्य की जानकारी प्राप्त कर बेहतर इलाज उपलब्ध कराने के उपस्थित अधिकारियों को दिये निर्देश। घायल महिला कांस्टेबल व उनके परिजनों से मुलाकात कर बेहतर उपचार के लिए हर संभव सहायता का भरोसा दिलाया। आज नेहरू कालोनी क्षेत्रान्तर्गत अजबपुर फ्लाई ओवर में हुई सडक दुर्घटना में घायल महिला आरक्षी को उपचार हेतु कनिष्क हास्पिटल में भर्ती कराया गया है।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अजय सिंह द्वारा कनिष्क अस्पताल में जाकर महिला आरक्षी का उपचार कर रहे डाक्टरों से वार्ता कर उनसे उसके स्वास्थ के सम्बन्ध में जानकारी प्राप्त की गयी, साथ ही उसे बेहतर से बेहतर उपचार उपलब्ध कराये जाने हेतु उपस्थित अधिकारियों को निर्देश दिये गये। इस दौरान एसएसपी देहरादून द्वारा घायल महिला आरक्षी से मुलाकात कर उनकी कुशलक्षेम पूछी तथा उन्हें व उनके परिजनों को बेहतर उपचार के लिये हर सम्भव सहायता प्रदान किये जाने का भरोसा दिलाया।

## बिजली चोरी में दो के खिलाफ मुकदमा दर्ज

देहरादून (सं)। पुलिस ने बिजली चोरी में दो लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी। प्राप्त जानकारी के अनुसार केवी उपसंस्थान कारगी के अवर अभियंता अनिल कुमार ने पटेलनगर कोतवाली में मुकदमा दर्ज कराते हुए बताया कि उसने वृदा गार्डन निवासी सत्यनारायण डबराल व मुस्लीम बस्ती निवासी मंसूर अली के यहां छापा मारा तो वहां पर विद्युत पोल के बाक्स में एम्प्लिफायर की तार जोडकर बिजली चोरी करते हुए पकडा।

## दुकान के बाहर से स्कूटी चोरी

संवाददाता

देहरादून। चोरों ने दुकान के बाहर से स्कूटी चोरी कर ली। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी। प्राप्त जानकारी के अनुसार खैरी खुर्द कला श्यामपुर निवासी बीना रांगड ने रायवाला थाने में मुकदमा दर्ज कराते हुए बताया कि उसकी क्षेत्र में ही दुकान है। उसने अपनी स्कूटी दुकान के बाहर खडी की थी। लेकिन थोडी देर बाद जब वह दुकान से बाहर आयी तो उसने देखा कि उसकी स्कूटी अपने स्थान से गायब थी। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

**आर.एन.आई.-** 59626/94

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक श्रीमती पुष्पा कांति कुमार द्वारा दिग्विजय सिनेमा बिल्डिंग घंटाघर, देहरादून से प्रकाशित तथा अवि प्रिंटर्स 21 ईसी रोड, देहरादून से मुद्रित।

*प्रधान संपादक*

**कांति कुमार**

*संपादक*

**पुष्पा कांति कुमार**

*समाचार संपादक*

**आनंद कांति कुमार**

**कानूनी सलाहकारः**

**वी के अरोड़ा, एडवोकेट**

**बैजनाथ, एडवोकेट**

**कार्यालयः दिग्विजय सिनेमा बिल्डिंग देहरादून।**

**मो. 9358134808**

*नोटः सभी विवादों के लिये देहरादून न्यायालय ही मान्य होगा, प्रकाशित सामग्री के लिए प्रिंटर्स की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।*